जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 1 नवम्बर, 2026

RERA No.: RAJ/P/2023/2387

केडिया क्लीयरेंस सेल

10 लाख का फ्लैट डिस्काउंट

अब कुछ ही यूनिट बाकी

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर



FLAT STARTS
~~74 Lacs~~ @64 Lacs

KOTHI STARTS
~~1.18 Cr~~ @1.08 Cr

AJMER ROAD, JAIPUR

RERA No.: RAJ/P/2023/2387

Kedia's THE KOTHI

भव्य•उत्कृष्ट•श्रेष्ठ

ONLY 3 UNITS LEFT



KOTHI STARTS
~~50 Lacs~~ @40 Lacs

SIRSI ROAD, JAIPUR

RERA No.: RAJ/P/2021/1523

A Project By Kedia

THE KUNBA

बड़े परिवारों के लिए

ONLY 1 UNIT LEFT



SHOP
30 Lacs ~~@20 Lacs~~

KOTHI STARTS
~~70~~ Lacs @60 Lacs

PRATAP NAGAR , JAIPUR

RERA No. RAJ/P/2022/1900

KEDIA'S

Corporate Club

RESIDENTIAL APARTMENTS



2BHK
~~37 Lacs~~ @27 Lacs

3BHK
~~45 Lacs~~ @35 Lacs

VAISHALI EXTENSION, JAIPUR

RERA No.: RAJ/P/2017/178

KEDIA® | 1800-120-2323

info@kedia.com
www.kedia.com
78770-72737

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

विचार बिन्दु

जो लोग मन को नियंत्रित नहीं करते। उनके लिए मन शत्रु के समान कार्य करता है। –श्रीमद्भगवद्गीता

नियम के सामने मनुष्य

'तुलसी बब्बा कह गए हैं'–तुलसी और सनातन के आलोक में समकालीन जीवन तथा मानवीय मूल्यों पर साप्ताहिक अतिथि विचार–शृंखला की यह चौथी कड़ी है जो न्याय पर केन्द्रित है। ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग के दर्शन करके हम ओंकार पर्वत की परिक्रमा पर निकले थे। नीचे नर्मदा का हरा जल था, ऊपर ढलान पर पत्थरों के बीच नए रोपे पौधों की कतारें। हर पौधे के चारों ओर माटी की गोल मेंड़ बनी थी, थाला, जिसमें डाला पानी जड़ों के पास ठहर सके। कुछ युवक–युवतियाँ नीचे के कुंड से बाल्टियाँ भरकर ऊपर ला रहे थे।

एक पेड़ के तने से गत्ते का टुकड़ा बँधा था। उस पर नाम लिखे थे और हर नाम के आगे एक ही संख्या: दस बाल्टी। नियम साफ था, सबके लिए बराबर। किसी के साथ पक्षपात नहीं।

पुष्पा ने गत्ता पढ़ा, फिर ढलान देखी। सबखों दस–दस बाल्टी। पै कोऊ नैचें के पौधन खों पानी दै रओ, कोऊ ऊपर की चढ़ाई पै हाँफ रओ। जा बराबरी आय कि निरी गिनती?

मैं कुछ कहता, उससे पहले बाल्टी रखती एक युवती ने अपनी हथेली दिखाई। हत्थे की धँसक से लाल लकीर पड़ गई थी। वह ऊपर की कतार पर थी। बोली कुछ नहीं, बस हथेली पोंछी और फिर नीचे उतर गई।

यही इस कड़ी का प्रश्न है: नियमसम्मत निर्णय अन्यायपूर्ण परिणाम दे, तब सुधार कहाँ हो? नियम हमें भरोसा देता है कि व्यवहार पहचान देखकर नहीं बदलेगा। उसका यह गुण बहुमूल्य है। पर जिन पर वह लागू होता है, उनकी परिस्थितियाँ बराबर नहीं होतीं। बराबर गिनती के भीतर असमान श्रम छिप सकता है।

राम भरत को चित्रकूट में राजधर्म समझाते हैं:–
मुखिआ मुखु सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक।
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक।।
रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 315।

मुख अकेला खाता है, पर पोषण हर अंग तक विवेक से पहुँचाता है। दोहे का भार 'सहित बिबेक' पर है। मुख हाथ और पाँव को बराबर कौर नहीं देता; जिस अंग को जितनी जरूरत है, उतना पहुँचाता है। मुखिया का न्याय गिनती की समानता नहीं, आवश्यकता की पहचान है।

पुष्पा ने तुरंत टोका, पै विवेक कौन को? मुखिया अपनेई विवेक खों आखिरी बात मान बैठे, तौ? प्रश्न ठीक जगह लगा था। मुखिया का विवेक भी जाँच माँगता है। इसी चित्रकूट की सभा में वसिष्ठ पहले स्वीकार करते हैं कि भरत के प्रति उनका अनुराग है, फिर राम से कहते हैं:

भरत बिनय सादर सुनिअ करिअ बिचारु बहोरि।
करब साधुमत लोकमत नृपनय निगम निचोरि।।
रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 258।

पहले आदर से सुनना, फिर विचार। निर्णय में सज्जनों की सम्मति, लोकमत, राजनीति और वेद, चारों का निचोड़ आए। वसिष्ठ का अपना झुकाव स्वीकार कर लेना इस दोहे से पहले की सबसे बड़ी बात है। जो निर्णय करता है, वह अपने झुकाव को पहले पहचान ले, तभी सुनवाई निष्पक्ष होती है। और सुनवाई का अर्थ हर माँग मान लेना नहीं; भरत की प्रार्थना सुनी गई, पर राम वन में ही रहे। सुनने वाले की जवाबदेही बची, मर्यादा भी।

मैंने अपनी आपत्ति रखी, पर छूट देने लगें तो हर कोई अपनी कठिनाई बताएगा। अपने आदमी को छूट, दूसरे को नियम, यही तो पक्षपात है।

जेई तौ हम पूछ रए हैं, पुष्पा बोलीं। छूट की सोई मेड़ चाउने, नईं तौ थाले के पानी घाईं सबरी बह जैहै।

मुख अकेला खाता है, पर पोषण हर अंग तक विवेक से पहुँचाता है। दोहे का भार 'सहित बिबेक' पर है। मुख हाथ और पाँव को बराबर कौर नहीं देता; जिस अंग को जितनी जरूरत है, उतना पहुँचाता है। मुखिया का न्याय गिनती की समानता नहीं, आवश्यकता की पहचान है।

ब्रह्मसूत्र में भोजन के नियम पर एक सूत्र है:–

सर्वान्नानुमतिश्च प्राणात्यये तद्दर्शनात्।।
ब्रह्मसूत्र 3.4.28।

प्राणसंकट में सब प्रकार के अन्न की अनुमति है, क्योंकि श्रुति में ऐसा दिखता है। शांकरभाष्य उषस्ति का प्रसंग खोलता है: अकाल में जूठे उड़द लेना जीवन बचाने के लिए अनिवार्य था, पर उसी के साथ दिया गया जूठा जल उन्होंने नहीं लिया, क्योंकि पानी अन्यत्र सुलभ था। अपवाद आवश्यकता जितना ही है, उससे एक घूँट भी अधिक नहीं। आज की संस्था के लिए यही कसौटी है: राहत का कारण लिखा जाए, वह कारण जाँचा जाए, और वैसी ही परिस्थिति वाले हर व्यक्ति को वही राहत मिले। पक्षपात व्यक्ति देखकर छूट देता है; न्याय परिस्थिति देखकर।

सच कहूँ तो जल ढोने, परिवहन के व्यय और ढलान पर सिंचाई की कठिनाई पर मैं वर्षों से बोलता–लिखता आया हूँ। फिर भी आँख के सामने का यह गत्ता मुझे पहली नजर में ठीक ही लगा था। सिद्धांत जानना और अपने सामने के आयोजन में उसे पहचान लेना, दोनों में दूरी होती है। पुष्पा के प्रश्न और उस युवती की हथेली ने वह दूरी पाटी।

ऊपर की कतार में एक थाले की मेंड़ टूटी थी। डाला गया पानी बहकर नीचे की पगडंडी पर फैल रहा था। गत्ते पर बाल्टियों की गिनती पूरी हो रही थी, पर उस पौधे तक पानी नहीं पहुँच रहा था। हिसाब काम का था, परिणाम का नहीं।

राम वन जाते समय लक्ष्मण को अयोध्या में रहने की सलाह देते हुए राजा की कसौटी बताते हैं:

रहहु करहु सब कर परितोषू। नतरु तात होइहि बड़ दोषू।।
जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी। सो नृपु अवसि नरक अधिकारी।।
रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 71 से पूर्व, चौपाई 3।

प्रजा का दुख शासन के उत्तरदायित्व से बाहर नहीं। राजा ने नियम पाले, प्रक्रिया पूरी की, फिर भी प्रजा दुखी है, तो दोष से मुक्ति नहीं। राम इसे किसी दूसरे पर नहीं, स्वयं शासक पर रखते हैं। परिणाम की जवाबदेही प्रक्रिया की शुद्धता से समाप्त नहीं होती।

तुलसी शासक के लिए चार उपमाएँ एक साथ रखते हैं:

माली भानु किसान सम नीति निपुन नरपाल।
प्रजा भाग बस होहिंगे कबहुँ कबहुँ कलिकाल।।
दोहावली, दोहा 507।

माली हर पौधे की अलग सुध लेता है, सूर्य जल सोखकर वर्षा बनाकर लौटाता है, किसान बोने और काटने का समय पहचानता है। माली की उपमा आज इस ढलान पर सबसे सटीक बैठी। माली गिनती से नहीं, पौधे की दशा से पानी देता है।

हमने उस टोली से बात की। बातचीत में तय हुआ कि ऊपर की कतार का काम बारी–बारी से सब करेंगे, टूटी मेंड़ें पहले सुधारी जाएँगी, और गत्ते पर बाल्टियों के साथ यह भी लिखा जाएगा कि किस कतार में कितने थालों में पानी ठहरा। युवती का नाम ऊपर से हटकर मेंड़ सुधारने वालों में लिखा गया। अगली बार यह व्यवस्था निभेगी या नहीं, यह हम नहीं जानते। एक दिन का सुधार स्थायी न्याय नहीं होता; उसकी परीक्षा अगले पानी में है।

परिक्रमा में आगे नर्मदा फिर दिखीं। पुष्पा बोलीं, औ जौन अपनी बात कह न पावै, ऊकी सुध संस्था खुदई लेय। हर बेर अरजी लगाबे की नौबत काय आए? बा लली नें हथेली दिखाई हती, मुँह सें कछू नईं कहो हतो।

उनकी बात इस कड़ी का निष्कर्ष है। नियमसम्मत निर्णय अन्यायपूर्ण परिणाम दे, तब सुधार तीन जगह होगा: क्रियान्वयन में, जहाँ भूल परिस्थिति न देखने की है; नियम में, जहाँ भूल उसकी बनावट की है; और संस्था के स्वभाव में, जहाँ अपनी पुरानी राय बचाने का मोह परिणाम देखने से रोकता है। प्रभावित व्यक्ति अपनी बात रख सके, उसे कारण सहित उत्तर मिले, समान परिस्थिति वाले को समान राहत मिले, और काम का हिसाब बाल्टियों से नहीं, पौधों तक पहुँचे पानी से हो, यह भार निर्णय करने वाली संस्था का है, अरजी लगाने वाले का नहीं। नियम का सम्मान तभी टिकता है जब उसके सहारे मनुष्य न्याय पाने का भरोसा रख सके।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ. दीप नारायण पाण्डेय
(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)
(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)

गांव का बेटा, गांव का भाई बदल रहा है 52600 गांवों की किस्मत

सीएम भजनलाल शर्मा ने 3 साल में ग्रामीण समृद्धि का नया अध्याय लिखा, पं. दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय को खेत, चौपाल और कारखानों में साकार किया



पूर्णिमा जैमिनी

भारत की आर्थिक शक्ति, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की गाथा को गढ़ने में गाँवों और किसानों की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हरित क्रांति से लेकर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता तक, गाँवों और किसानों ने अपने खून पसीने से सींच कर जिस भारत के स्वाभिमान की रक्षा की, आज वे गाँव और किसान ही इस नए भारत का स्वाभिमान हैं। भारत की अर्थव्यवस्था को अपने कठोर परिश्रम और मजबूत कंधों पर संभालने वाले किसानों ने कभी नहीं सोचा होगा कि खेत की मिट्टी में सने, दूध बेचने वाला कभी नेतृत्व भी कर सकेगा। उन्होंने देश की नींव के पत्थर बनने का संकल्प किया था लेकिन धोरां री धरती ने उन्हें अपने माथे का तिलक बनाया। ऐसे ही भारत के छोटे–से गांव अटारी से निकलकर आपणो अग्रणी राजस्थान के उद्घोष से देश–विदेश को गुंजायमान करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भी प्रदेश के गाँवों में ही सुकून की नींद पाते हैं। स्वयं को गाँव का बेटा कहने वाले भजनलाल शर्मा गाँव की मिट्टी, गाँव का अपनापन और गाँवों में बसती भारत की रीढ़ को मजबूत करने के लिए सीधे उनके द्वार पर पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि अपनों का विश्वास और स्नेह ही वह शक्ति है जो जनसेवा के संकल्पों को जन्म देती है। इस आत्मीय जुड़ाव की सहज अभिव्यक्ति जालौर जिले की पंसेरी ग्राम पंचायत में देखने को मिली, जहाँ ग्राम विकास चौपाल के बाद मुख्यमंत्री ने भेमाराम के निवास पर ग्रामीणों के साथ रात्रि भोजन किया। भजनलाल शर्मा का ग्रामीण प्रवास केवल विशेष अवसरों तक सीमित नहीं बल्कि उनकी कार्यशैली का निरंतर हिस्सा है। इसी क्रम में एक वाकया प्रतापगढ़ जिले का है, जहां बंबोरी गाँव में भी रात्रि विश्राम एवं ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद हुआ। सीकर के जाजोद, अजमेर के कड़ैल, जालौर के पंसेरी, जयपुर के ठिकरिया, बांसवाड़ा के चुड़ादा, डूंगरपुर के धम्बोला और उदयपुर के बीड़ा समेत कई गाँवों में उन्होंने रात्रि चौपाल किए। जहां जन–आकांक्षाओं के अनुरूप मौके पर ही कई महत्वपूर्ण स्वीकृतियां जारी की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों के समावेशी विकास में ग्राम रथ अभियान भजनलाल सरकार की वह निर्णायक पहल है, जिसने 'सरकार जनता के द्वार पर' के संकल्प को हकीकत में बदल दिया। यह अभियान साबित करता है कि डबल इंजन सरकार सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि राजस्थान के दूर दराज के गाँव तक विकास और जागरूकता पहुँचा रही है। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाएं अपनी बात रख सकें, सुरक्षित और सशक्त हो सकें इसको सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री का अनूठा संबल सखी अभियान भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक बेटे, एक भाई, एक पिता की तरह अपने गाँवो में बसे उन सभी परिवारों की चिंता और प्रगति के लिए मुख्यसेवक भजनलाल शर्मा का यह एक सफल प्रयास है।

इतना ही नहीं भजनलाल सरकार ने वर्षों से जूझ रही पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को लेकर केंद्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच जल समझौते पर हस्ताक्षर कर राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया है। पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों के हजारों गांवों को पेयजल व सिंचाई का स्थायी समाधान मिलेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के हर गाँव और ढाणी के घरों में नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित किया। दौसा और सवाई माधोपुर की दशकों पुरानी जल समस्या भी अब इतिहास बनने जा रही है। शेखावाटी अंचल के लिए 34,000 करोड़ रूपये का यमुना जल समझौता हुआ है, जिसके तहत 1,622 करोड़ रूपये से पनोती कृत्रिम जलाशय बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अथक प्रयासों से राजस्थान को इस परियोजना से 124 मिलियन क्यूबिक मीटर जल आवंटित हुआ है। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के जल हिस्से का बड़ा भाग राजस्थान और दिल्ली को उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया, जिससे शेखावाटी क्षेत्र (सीकर, चूरू, झुंझुनू) में पेयजल और सिंचाई की उपलब्धता मजबूत होगी। वहीं नर्मदा समझौते के तहत जालौर, बाड़मेर और बालोतरा के लिए अतिरिक्त पानी जुटाने की डीपीआर तैयार की जा रही है। इसके अलावा कोटा–बारां–झालावाड़ के लिए 7,355 करोड़ रूपये की 'परवन' परियोजना, गंगनहर के आधुनिकीकरण के लिए 1,742 करोड़ रूपये और बांसवाड़ा क्षेत्र में 2,500 करोड़ रूपये की माही कैनाल परियोजना पर काम जारी है। ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए हर ग्राम पंचायत में चरणबद्ध अटल ज्ञान केंद्र और खेल मैदान तैयार हो रहे हैं। भजनलाल सरकार ने लैक्रोस जैसे उभरते ओलंपिक खेल को विशेष प्रोत्साहन दिया है। भजनलाल सरकार की पहल पर राजस्थान में ग्रामीण स्टार्टअप्स को भी मजबूत समर्थन मिल रहा है।

अंत्योदय केवल विचार नहीं आचरण की शैली है और इसीलिए मुख्यमंत्री की बैठक गांव के चौपाल में हो रही हैं। भजनलाल सरकार सचिवालय या बड़े दफ्तरों तक सीमित नहीं है। प्रदेश में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार और सेवक दोनों उपस्थित होकर मौके पर शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं। सड़क कनेक्टिविटी और कृषि सुविधाओं ने इस बदलाव को और मजबूत किया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 37,527 करोड़ रुपये से 51,790 किमी सड़कों का विकास; 9,704 करोड़ से लगभग 18,917 किमी नई सड़कें निर्मित हुई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में 12,311 करोड़ रूपये से अधिक खर्च कर 1,760 गाँव डामर सड़कों से जोड़े गए हैं। किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि (अतिरिक्त सहायता), सोलर पंप, फार्म पौंड, तारबंदी, सूक्ष्म सिंचाई जैसी योजनाओं से लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से बिना किसी बिचौलिए के सीधा लाभार्थी के बैंक खाते में मिल रहा है। सड़कों के साथ अब सार्वजनिक परिवहन भी गाँव–ढाणियों तक पहुँच रहा है। सीकर जैसे जिलों में नौ ग्रामीण रूट तय कर दिए गए हैं। राज्य सरकार की 'आपणी बस – राजस्थान रोडवेज' पहल के तहत दूर–दराज के गाँवों को ब्लॉक और जिला मुख्यालयों से जोड़ा जा रहा है। इससे ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और रोजगार तक पहुँच आसान हो रही है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में सौर ऊर्जा अब सिर्फ बिजली का साधन नहीं, बल्कि आजीविका का नया आधार बन रही है। श्रीगंगानगर जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जोधपुर डिस्कॉम के 12 जिलों में सबसे आगे रहा है। सीमावर्ती गाँवों को अब 'अंतिम' नहीं, बल्कि 'प्रथम' गाँव बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार की वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम– के तहत राजस्थान के 184 रणनीतिक सीमावर्ती गाँवों का समठा विकास किया जा रहा है। विश्वपटल पर राजस्थान की शान यहां की रंगारंग संस्कृति और सभ्यता है जिसको महिला शक्ति ने अपने कठोर तप से समृद्ध किया है। प्रदेश में 4.53 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 52.43 लाख परिवार आजीविका संवर्धन से जुड़े हैं। लखपति दीदी पहल के तहत अब तक 18.49 लाख महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं, जो वर्ष 2026–27 के 25 लाख के लक्ष्य का लगभग 74 प्रतिशत है। प्रयास गाँव की महिलाओं को बचत से स्वरोजगार और स्वरोजगार से उद्यिमता की ओर ले जा रहे हैं। डबल इंजन सरकार के सहयोग से केंद्र की 'भव्या' पहल के तहत जयपुर, जोधपुर, कोटा, बालोतरा, दौसा, खुशखेड़ा–भिवाड़ी–नीमराना और जोधपुर–पाली–मारवार इंडस्ट्रियल एरिया को औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, साथ ही दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे का लाभ उठाने के लिए दौसा–बांदीकुई औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स हब की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री के विकास की यात्रा का स्पष्ट संदेश है कि विकसित भारत2047 और विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को सिद्ध करने का रास्ता हमारे गाँवों के घर–आंगन और गलियों से होकर गुज़रता है।

–पूर्णिमा जैमिनी,
यंग मीडिया सहायक,
डीआईपीआर

त्यौहारों पर किराये की मनमानी : बाजार की आजादी या उपभोक्ता की मजबूरी?



सुनील दत्त गोयल

त्यौहार आते ही देश में एक पुरानी समस्या फिर सामने खड़ी हो जाती है। ट्रेन की सीटें मिलना मुश्किल, हवाई टिकट कई गुना महंगे और होटल के कमरे सामान्य दिनों की तुलना में तीन से पाँच गुना तक महंगे। सवाल यह है कि आखिर त्यौहार और छुट्टियों के दौरान ऐसा क्या बदल जाता है कि कुछ दिनों के लिए यात्रा करना आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाता है?

सामान्य तर्क यही दिया जाता है कि यह डिमांड और सप्लाई का खेल है। मांग ज्यादा है तो कीमत ज्यादा होगी। बाजार अर्थव्यवस्था में यह बात पूरी तरह गलत भी नहीं है। एयरलाइन और होटल निजी व्यवसाय हैं। उन्हें मुनाफा कमाने का अधिकार है और सरकार को किसी निजी कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार्यता खत्म करने वाला मूल्य नियंत्रण नहीं लगाना चाहिए। लेकिन सवाल वहां शुरू होता है जहां डायनेमिक प्राइसिंग और बाजार की वास्तविक प्रतिस्पर्धा के बीच अंतर खत्म हो जाता है।

बहुत कम लोग इस पूरी व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण परत को समझते हैं। बड़ी ट्रैवल एजेंसियां, टूर ऑपरेटर और ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म कई बार होटल के कमरों और एयरलाइन की सीटों की बड़ी संख्या पहले से अंडरराइटिंग या ब्लॉक कर लेते हैं। कुछ मामलों में वे निश्चित संख्या में कमरे या सीटें बेचने की गारंटी भी देते हैं, जबकि अन्य मामलों में कॉन्ट्रैक्चुअल कमिटमेंट के जरिए इन्वेंट्री सुरक्षित करते हैं। इसके बाद इन कमरों और सीटों को मांग, उपलब्धता और व्यावसायिक रणनीति के आधार पर अलग–अलग चैनलों पर अलग–अलग कीमतों पर बेचा जा सकता है।

यह व्यवस्था अपने आप में गलत नहीं है। आखिर ट्रैवल एजेंसियां भी व्यवसाय करती हैं और उन्हें जोखिम उठाने के बदले मार्जिन कमाने का अधिकार है। समस्या तब पैदा होती है जब उपभोक्ता को यह पता ही नहीं होता कि वास्तविक मूल कीमत क्या है, किस स्तर पर कीमत बढ़ी है और अंतिम कीमत में किसका कितना मार्जिन शामिल है।

मान लीजिए किसी होटल ने किसी एजेंसी को पूरे वर्ष के लिए कमरे एक निश्चित दर पर उपलब्ध करा दिए। एजेंसी ने बड़ी संख्या में कमरे पहले ही सुरक्षित कर लिए। अब किसी विशेष त्यौहार पर शहर में मांग बढ़ गई। एजेंसी के पास उपलब्ध सीमित कमरों की कीमत बाजार की मांग देखकर बढ़ सकती है। होटल ने अपना जोखिम काफी हद तक पहले ही सुरक्षित कर लिया और एजेंसी के पास भी अपनी इन्वेंट्री है। लेकिन अंतिम उपभोक्ता को उस कमरे के लिए कई गुना अधिक भुगतान करना पड़ता है। यही सवाल एयरलाइन टिकटों पर भी लागू होता है। एयरलाइन अपने राजस्व और सीट ऑक्यूपेंसी को पहले से मैनेज करती है। अलग–अलग बुकिंग क्लास और किराया श्रेणियों के माध्यम से वह अपनी सीटें बेचती है। दूसरी ओर ट्रैवल एजेंसियां और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी अपने वितरण नेटवर्क और व्यावसायिक समझौतों के माध्यम से बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में सरकार को यह तय करने की जरूरत है कि मुक्त बाजार और उपभोक्ता हित के बीच संतुलन कहां होना चाहिए। सरकार का समाधान यह नहीं होना चाहिए कि वह कह दे कि हर एयरलाइन टिकट या होटल का कमरा एक ही कीमत पर बेचा जाए। इससे बाजार की प्राकृतिक व्यवस्था खराब हो सकती है और कंपनियों की आर्थिक व्यवहार्यता प्रभावित हो सकती है। लेकिन एक बेहतर रास्ता निकाला जा सकता है।

सरकार यह अनिवार्य कर सकती है कि हर एयरलाइन और होटल को अपनी वास्तविक उपलब्ध इन्वेंट्री का एक पर्याप्त हिस्सा अपने स्वयं के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सीधे उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रखना होगा। ट्रैवल एजेंसियां और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म खत्म करने की जरूरत नहीं है। वे उपभोक्ता को सुविधा, तुलना, पैकेज और दूसरी सेवाएं देते हैं। लेकिन उपभोक्ता के पास कम से कम एक डायरेक्ट प्राइस बेंचमार्क जरूर होना चाहिए।

इसी के साथ सरकार एक दूसरा महत्वपूर्ण सुधार कर सकती है: रेफरेंस प्राइसिंग सिस्टम। मसलन, किसी टिकट या होटल के कमरे की कीमत को अचानक मनमाने स्तर तक बढ़ाने के बजाय पिछले दो से तीन महीनों के वास्तविक बुकिंग डेटा के आधार पर एक पारदर्शी मूल्य निर्धारण बेंचमार्क बनाया जा सकता है। यहां वॉल्यूम–वेटेड एवरेज प्राइस एक उपयोगी मॉडल हो सकता है। सरकार को ऐसा प्रावधान बनाने पर विचार करना चाहिए कि पिछले दो से तीन महीनों के वॉल्यूम–वेटेड औसत मूल्य की तुलना में किसी हवाई टिकट या होटल के कमरे का किराया दोगुने से अधिक न हो। यानी सामान्य परिस्थितियों में निर्धारित संदर्भ अवधि के औसत मूल्य की तुलना में अधिकतम दो गुना तक ही किराया लिया जा सके। इससे एयरलाइंस और होटल मांग बढ़ने पर उचित मुनाफा कमा सकेंगे, लेकिन त्योहारों और छुट्टियों के दौरान किरायों में होने वाली असामान्य बढ़ोतरी पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति 15 मार्च को टिकट बुक कर रहा है तो सिस्टम पिछले दो महीनों या निर्धारित संदर्भ अवधि में उसी रूट, समान यात्रा श्रेणी और समान परिस्थितियों में वास्तविक रूप से बिके टिकटों के वॉल्यूम–वेटेड औसत मूल्य को एक संदर्भ बिंदु मान सकता है। यदि 16 मार्च को बुकिंग हो रही है तो संदर्भ विंडो भी स्वत: ही आगे की गणना करेगी। इसका मतलब यह नहीं कि टिकट की कीमत हमेशा उसी औसत पर स्थिर रहे। मांग, समय, सीट उपलब्धता और परिचालन लागत के आधार पर कीमत में वृद्धि की अनुमति होनी चाहिए। लेकिन एक निर्धारित सीमा से अधिक असामान्य वृद्धि के लिए पारदर्शी कारण और नियम होने चाहिए। होटलों के लिए भी इसी तरह का मॉडल विकसित किया जा सकता है। समान कमरे की सामान्य दर, पिछले कुछ सप्ताह का वास्तविक बुकिंग मूल्य, सप्ताहांत का प्रभाव, स्थानीय आयोजन, कमरे की उपलब्धता और मांग जैसे कारकों को शामिल करके एक डायनेमिक लेकिन नियंत्रित प्राइसिंग बैंड बनाया जा सकता है। यहां एक और महत्वपूर्ण बात है। सरकार को केवल एयरलाइन और होटल पर ही निगरानी नहीं रखनी चाहिए। डिजिटल ट्रैवल मार्केट प्लेस और बड़े मध्यस्थों की भूमिका भी पारदर्शी होनी चाहिए। उपभोक्ता को यह जानकारी मिलनी चाहिए कि कीमत में मूल किराया या कमरे का शुल्क कितना है, टैक्स कितना है, प्लेटफॉर्म शुल्क कितना है और अन्य शुल्क कितना है। आज समस्या यह है कि उपभोक्ता अक्सर अंतिम कीमत देखकर चौंकता है, लेकिन उस कीमत के निर्माण की पूरी तस्वीर उसके सामने नहीं होती। सरकार चाहे तो एक राष्ट्रीय Travel Price Transparency Framework बना सकती है, जिसमें एयरलाइंस, होटल और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों को मानकीकृत तरीके से मूल्य प्रदर्शित करना अनिवार्य किया जाए। त्यौहारों के दौरान विशेष निगरानी भी की जा सकती है। जैसे दिवाली, होली, ईद, क्रिसमस, नए साल, लंबे वीकेंड या बड़े धार्मिक आयोजनों के समय सरकार असामान्य मूल्य वृद्धि की निगरानी करे।

लेकिन यह निगरानी मूल्य नियंत्रण नहीं होनी चाहिए। सरकार को यह नहीं कहना चाहिए कि एयरलाइन अधिकतम 5,000 ही ले सकती है या होटल 3,000 से ज्यादा नहीं ले सकता। बल्कि यह देखना चाहिए कि कहीं बाजार की स्थिति का फायदा उठाकर कीमतों में असामान्य और अपारदर्शी वृद्धि तो नहीं की जा रही।

आखिर एयरलाइन और होटल भी व्यवसाय हैं। उनके विमानों को उड़ाना है, कर्मचारियों को वेतन देना है, ईंधन और रखरखाव का खर्च उठाना है। होटलों को स्टाफ, बिजली, रखरखाव और दूसरी लागतें उठानी हैं। इसलिए उन्हें मुनाफा कमाने का पूरा अधिकार है। मुद्दा मुनाफा रोकना नहीं है। मुनाफे की सीमा तय करना भी नहीं है। मुद्दा है बाजार को पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और उपभोक्ता के लिए निष्पक्ष बनाना।

भारत जैसे विशाल देश में त्यौहारों के समय यात्रा कोई विलासिता नहीं रह जाती। करोड़ों लोग अपने परिवारों से मिलने, धार्मिक यात्राओं, सामाजिक कार्यक्रमों और जरूरी कामों के लिए यात्रा करते हैं। ऐसे समय में अगर टिकट और होटल के कमरे अचानक इतने महंगे हो जाएं कि सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार यात्रा ही न कर सके, तो सरकार को कम से कम बाजार की संरचना की समीक्षा जरूर करनी चाहिए। समाधान प्रतिबंध नहीं, स्मार्ट रेगुलेशन है। एयरलाइन और होटल को कमाने दीजिए। ट्रैवल एजेंसियों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी अपना कारोबार करने दीजिए। लेकिन उपभोक्ता को भी इतना अधिकार दीजिए कि वह जान सके कि वह किस कीमत के लिए भुगतान कर रहा है और उस कीमत का आधार क्या है। मुक्त बाजार का अर्थ यह नहीं कि उपभोक्ता को बाजार की जानकारी से मुक्त कर दिया जाए। असली प्रतिस्पर्धा तभी होगी जब उपभोक्ता के पास विकल्प, जानकारी और पारदर्शी कीमत तीनों हों।

–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,
महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।

राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

रविवार 1 नवम्बर, 2026

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत–2083, आश्लेषा नक्षत्र पुष्य नक्षत्र रात्रि 4:31 तक, साध्य योग दिन 2:39 तक, बव करण दिन 2:52 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा। **ग्रह स्थिति–** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–कर्क, बुध–तुला, गुरू–कर्क, शुक्र–तुला, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज राजयोग सूर्योदय से दिन 2:52 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और रविपुष्य योग सूर्योदय से रात्रि 4:31 तक है। आज कालाष्टमी, अहोई अष्टमी है। आज अरुणोदय काल में मथुरा के राधा कुण्ड में स्नान है।

श्रेष्ठ चौघड़िया– चर 8:03 से 9:25 तक, लाभ–अमृत 9:25 से 12:10 तक, शुभ 1:33 से 2:55 तक।

राहुकाल– 4:30 से 6:00 तक, सूर्योदय 6:40, सूर्यास्त 5:40


मेष
घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक एवं महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी।




वृष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

मिथुन
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।


कर्क
मानसिक तनाव दूर होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आज व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



सिंह
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कारणो से मानसिक तनाव और मन में असंतोष बना रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




कन्या
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। घर–परिवार में सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




तुला
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

वृश्चिक
नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक एवं व्यावसायिक स्थान की यात्रा संभव है।


धनु
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



मकर
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



कुंभ
विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



मीन
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 92 प्रभात जयपुर, रविवार 1 नवम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro



Separated Matlab Kya?

"Mardon ko apne bacche aur doosre ki biwi pasand aati hai." (My aunt)

Why Silk Looks Different

Hobson-Jobson and the Politics of Language

Within this linguistic project lies a broader political story. Language in colonial contexts is never neutral, it is a site of power

दस नवम्बर को सोनिया गांधी की आत्मकथा लॉन्च होगी

जैसा कि कहा जा चुका है कि खुद सोनिया गांधी को भी इस पर अच्छा खासा ''तमाशा'' होने की उम्मीद है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। सोनिया गांधी की लंबे समय से प्रतीक्षित संस्मरण पुस्तक 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' आखिरकार 10 नवंबर को हार्परकॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की जाएगी। हालांकि, पुस्तक के इसके प्रकाशन से पहले ही विवाद शुरू हो गए हैं। सोनिया गांधी खुद कह चुकी हैं कि उनकी किताब से तमाशा खड़ा हो सकता है। वहीं, कांग्रेस के कुछ नेताओं का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जुड़े संदर्भों के कारण इस पुस्तक पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

भारतीय राजनीतिक हस्तियों से जुड़ी पुस्तकों पर पहले भी कभी-कभी प्रतिबंध लगाए गए हैं या उनके प्रकाशन और प्रसार पर पाबंदियां लगाई गई हैं। जसवंत सिंह की पुस्तक 'जिन्ना: इंडिया-पार्टिशन-इंडिपेंडेंस' (2009) में मोहम्मद अली जिन्ना का अपेक्षाकृत संतुलित आकलन किया गया था और जवाहरलाल नेहरू तथा सरदार पटेल की भूमिका के कुछ पहलुओं की आलोचना की गई थी। इसके बाद जसवंत सिंह को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था और गुजरात में पुस्तक पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। बाद में अदालतों ने यह प्रतिबंध हटा दिया। कुछ अन्य पुस्तकों को भी संवेदनशील ऐतिहासिक या सांप्रदायिक विषयवस्तु के कारण विरोध और राज्यों में अस्थायी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है।

सोनिया गांधी की 544 पृष्ठों की यह पुस्तक उनके जीवन के सफर को समेटती है। इसमें युद्ध के बाद के इटली में उनका बचपन, 1965 में कैम्ब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात, शादी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्याओं सहित, परिवार के साथ घटी त्रासदियां, राजनीति में उनका प्रवेश और 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार करने का फैसला शामिल है।

शुरुआत में इस पुस्तक के प्रकाशन की जिम्मेदारी पेनग्विन रैंडम हाउस इंडिया को दी गई थी, लेकिन संपादकीय बदलावों को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण उसने पीछे हटने का फैसला किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रकाशक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और मोदी सरकार के कार्यकाल में चीन की सीमा पर हुई कार्रवाहियों से जुड़े कुछ अंशों में बदलाव करने या उन्हें हटाने का प्रस्ताव रखा था। सोनिया गांधी ने इसे आत्म-सेंसरशिप मानते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया।

हालांकि पेनग्विन ने किसी बाहरी दबाव से इनकार किया। प्रकाशक के

(शेष पृष्ठ 4 पर)

- परिपक्व प्रजातंत्र में यह एक आम एवं जायज़ बात है कि प्रशासक सत्ता छोड़ते वक्त अपने संस्मरण अवश्य लिखते हैं ताकि उस समय के हालात को समझाया जा सके।
- भारत में प्रायः ऐसे संस्मरण और किताबें विवादों में घिरते रहे हैं, उदाहरण के लिए वर्ष 2009 में आई जसवंत सिंह की किताब ''जिन्ना : इंडिया पार्टिशन- इंडिपैंडैंस'' पर काफी विवाद उठा था, उन्होंने इसमें नेहरू व पटेल की भूमिका के कुछ पहलुओं की आलोचना की थी व जिन्ना की तारीफ की थी, इस पर भाजपा ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया था और गुजरात में तो उनकी किताब कुछ समय तक प्रतिबंधित भी रही।
- उम्मीद है कि सोनिया गांधी के प्रशंसक व आलोचक उनकी किताब को भावात्मक अंदाज़ में पढ़ेंगे और उसके आधार पर अपनी राय बनाएंगे।

हाई कोर्ट के निर्णय के बाद होगी स्टेनोग्राफरों की भर्ती

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला अदालतों और विधि सेवा प्राधिकरणों के लिए गत वर्ष आयोजित स्टेनोग्राफर भर्ती में नियुक्तियां देने को, याचिका के अंतिम फैसले के अधीन रखा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई को टाल दिया है। चीफ जस्टिस (सीजे) संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन ने ये आदेश उपेन्द्र शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- अदालत ने कहा कि प्रचलित रूपों को त्रुटि मानकर अंक काटना निष्पक्षता व समानता के सिद्धांत के खिलाफ है।

याचिका में अधिवक्ता आदेश अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला न्यायालयों में आशुलिपिक ग्रेड-तृतीय और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में आशुलिपिक ग्रेड-द्वितीय के पदों के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की थी। याचिकाकर्ता ने स्पीड टेस्ट और एफिशिएंसी टेस्ट, दोनों में पूर्ण 50-50 अंक प्राप्त किए। शॉर्टहैंड पेपर में हिंदी के समानार्थी एवं प्रचलित शब्दों जैसे ई और यी का अंतर, तथा आरोपपत्र और आरोप पत्र व उभयपक्ष और उभय पक्ष जैसे शब्दों के बीच स्पेस

(शेष पृष्ठ 4 पर)

उमर अब्दुल्लाह ने पत्रकार निधि राजदान से शादी की

स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत सम्पन्न इस विवाह में उमर व निधि के परिजन भी शामिल हुए

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पत्रकार निधि राजदान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा कर मीडिया और राजनीतिक जगत को सुखद आश्चर्य में डाल दिया।

नवविवाहित जोड़े के एक करीबी सूत्र ने बताया कि दोनों की शादी शुक्रवार को विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत संपन्न हुई। इस मौके पर दोनों परिवारों के सदस्य बतौर गवाह मौजूद थे।

अब्दुल्ला ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ''कल एक नए सफर की शुरुआत हुई।''

वहीं, निधि राजदान ने एक्स पर लिखा, ''इट्स डन ब्रो'' (हो गया भाई)। दोनों ने अपनी पोस्ट में अंगूठी का इमोजी लगाया और एक-दूसरे को टैग भी किया।

उमर अब्दुल्ला की पोस्ट में दोनों की चार तस्वीरें थीं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, श्रीनगर और नई दिल्ली में आयोजित शादी के समारोहों में दोनों परिवारों के सदस्य और करीबी रिश्तेदार शामिल हुए।

मौजूद लोगों में अब्दुल्ला के माता-पिता फारूक अब्दुल्ला और मॉली, उनकी तीन बहनें तथा निधि राजदान के माता-पिता शामिल थे। निधि के पिता महाराज कृष्ण राजदान वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के पूर्व प्रधान संपादक रह चुके हैं। उनकी मां का नाम सरला राजदान है।

यह घोषणा 31 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आपसी सहमति से उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला की करीब तीन महीने बाद हुई है। दोनों के बीच समझौता होने के बाद अदालत ने तलाक की मंजूरी दी थी।

उमर और पायल अब्दुल्ला की शादी 1994 में हुई थी। उनके दो बेटे जाहिर और जामिर अब्दुल्ला हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में दर्ज है कि दोनों 2011 से अलग रह रहे थे और इस बात पर सहमत थे कि उनका वैवाहिक संबंध पूरी तरह टूट चुका है और अब इसे फिर से जोड़ना संभव नहीं है। समझौते के तहत, दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ लंबित सभी मुकदमे वापस लेने पर भी सहमति जताई थी।

56 वर्षीय उमर अब्दुल्ला और 49 वर्षीय निधि राजदान, दोनों की यह दूसरी शादी है।

एनडीटीवी की पूर्व कार्यकारी संपादक और समाचार एंकर निधि राजदान की इससे पहले पत्रकार और गीतकार नीलेश मिश्रा से शादी हुई थी। दोनों ने 2005 में विवाह किया था और 2007 में उनका तलाक हो गया था।

- उमर अब्दुल्लाह व निधि राजदान दोनों ने ''एक्स'' पर अलग-अलग पोस्ट कर यह जानकारी दी।
- ज्ञातव्य है कि उमर अब्दुल्लाह का उनकी पहली पत्नी पायल से 31 जुलाई को तलाक मंजूर हो चुका है। उमर के पायल से दो बेटे हैं, जाहिर और जामिर अब्दुल्ला।

भाजपा ने यूपी में 325 से 350 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया

उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा में कुल 402 सीटें हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव में 325 से 350 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है, साथ ही कार्यकर्ताओं से लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की तैयारी करने को कहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 402 सीटें हैं।

उत्तर प्रदेश में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले आयोजित, राज्य कार्यसमिति की इस बैठक में अमित शाह मुख्य अतिथि थे। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद संभालने के बाद कार्यसमिति की यह पहली बैठक थी।

कार्यसमिति के सदस्य हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की।

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित, पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद थे।

चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सभागार में 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंजते रहे।

बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी और गोरखपुर के सांसद रवि किशन सहित, अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित थे।

भाजपा के विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश भाजपा इकाई की लखनऊ में एक बैठक ली और विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार पार्टी को विजयी बनाने का आह्वान किया।
- उत्तर प्रदेश में नया प्रदेश अध्यक्ष आने के बाद प्रदेश कार्यकारिणी की यह पहली बैठक थी।

'रोड व सीवरेज निर्माण पर जेडीए सचिव शपथ पत्र पेश करें'

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के नारायण विहार स्थित विनायक रेज़ीडेंसी सोसाइटी के ब्लॉक 61 से ब्लॉक 67 में रह रहे 200 परिवारों को रोड और सीवरेज की आधारभूत सुविधाएं नहीं मिलने से जुड़े मामले में जेडीए सचिव से शपथ पत्र मांगा है। अदालत ने सचिव से पूछा है कि यहां रोड और सीवरेज का निर्माण कार्य पूरा होने की समय सीमा क्या है। जस्टिस आनंद शर्मा ने यह आदेश स्थानीय निवासी हीरालाल गोठवाल की याचिका पर दिए।

- हाई कोर्ट ने नारायण विहार स्थित ''विनायक रेज़ीडेंसी'' के मामले में निर्देश दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता सहित, अन्य परिवारों ने ब्लॉक 61 से ब्लॉक 67 में जेडीए से साल 2005 में

(शेष पृष्ठ 4 पर)

इंडिया गठबंधन ने ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग का नाटकीय प्रदर्शन किया

बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर हुई, जिसे संसद के सैंट्रल हॉल का रूप दिया गया था

-जॉल खंबाला-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। इसे संसद का नाटकीय प्रदर्शन न कहकर, इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजाजी मार्ग स्थित आवास पर एक बैठक आयोजित की। बैठक को संसद के सेंट्रल हॉल की तरह तैयार किया गया था, जहाँ नेता, मेजों के साथ इस तरह बैठे थे, जैसे वे संसद में हों। इसे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ ''मॉक महाभियोग'' का नाम दिया गया। इस सत्र की अध्यक्षता लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने की।

खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी पहली पंक्ति में बैठे थे। वहीं, भाजपा ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे अब ''अपनी पसंद की संसद में बैठ रहे हैं, क्योंकि वास्तव में वे चुनाव जीतने में असमर्थ हैं।'' महाभियोग प्रस्ताव की शुरुआत राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने की।

खड़गे ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 6 आरोप गिनाए और उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के इशारे पर काम करने और कथित तौर पर वोट की चोरी में मदद करने का आरोप लगाया।

इस ''मॉक'' बैठक में कई मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। यह बैठक दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली इंडिया गठबंधन की मैगा रैली से एक दिन पहले हुई। यह रैली विपक्ष के उन विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी, और अन्य संगठन भी शामिल हैं। एक नवंबर की रैली के लिए अन्य समूहों ने भी इंडिया ब्लॉक के एजेंडे का समर्थन करने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी जैसे कुछ दलों ने स्पष्ट किया है कि वे इस ब्लॉक का हिस्सा नहीं हैं।

इस पूरी कार्यवाही को राहुल गांधी और अन्य पार्टी हैंडल्स के माध्यम से एक्स पर लाइव दिखाया गया। इस सत्र में राहुल गांधी ने सबसे आखिर में भाषण दिया। उन्होंने अपने भाषण में आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विभिन्न राज्यों में भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की है।

मीरा कुमार ने ''मॉक'' सत्र की शुरुआत करते हुए कहा, ''आपने देखा है कि लोगों के वोट गलत तरीके से हटाए

(शेष पृष्ठ 4 पर)

- पार्टी नेताओं के बैठने की व्यवस्था संसद की तरह की गई थी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार ने की थी। संसदीय शैली में मुख्य चुनाव आयुक्त पर महाभियोग लगाया गया।
- बैठक में खड़गे ने ज्ञानेश कुमार पर 6 आरोप लगाए और देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की।
- पूरी कार्यवाही को राहुल गांधी के और कांग्रेस पार्टी के सभी ''एक्स हैंडल्स'' पर लाइव दिखाया गया।

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सेवानिवृत्त

प्रयागराज, 31 अक्टूबर। भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 31 अक्टूबर को 42 वर्षों की विशिष्ट और गौरवशाली सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके कार्यकाल में भारतीय वायु सेना की युद्धक क्षमता, परिचालन तैयारियों और आधुनिकीकरण को नई मजबूती मिली। विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, उनके नेतृत्व में वायु सेना ने अपनी परिचालन क्षमता, सटीक कार्रवाई और राष्ट्रीय उद्देश्यों के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

- भारतीय वायुसेना में उन्होंने विभिन्न पदों पर काम करते हुए सेना के आधुनिकीकरण में योगदान दिया।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एवं जनसंपर्क अधिकारी विंग कमांडर देबार्थो धर ने शनिवार को बताया कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक

(शेष पृष्ठ 4 पर)

शिखर अग्रवाल के बाद आईपीएस पत्नी प्रशाखा माथुर भी एपीओ

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शिखर अग्रवाल द्वारा निजी कंपनी को अनुचित लाभ पहुँचाने की जाँच शुरु की


जयपुर, 31 अक्टूबर। एक निजी कंपनी से चालीस विला-कॉटेज खरीदने के विवाद में राज्य सरकार की कार्रवाही का दायरा अब वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल के बाद उनकी आईपीएस पत्नी डॉ. प्रशाखा माथुर तक पहुंच गया है। सरकार ने शनिवार को 1995 बैच की आईपीएस अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रशाखा माथुर को भी एपीओ कर दिया। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं, हालांकि आदेश में एपीओ किए जाने का कारण प्रशासनिक बताया गया है। इससे पहले 29 अक्टूबर की रात सरकार ने 1993 बैच के आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल को उनके सभी पदों से हटाकर एपीओ कर दिया था। अब आईएएस-आईपीएस दंपति, दोनों पदस्थापन की प्रतीक्षा में हैं।

डॉ. प्रशाखा माथुर 1995 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। वे 24 अक्टूबर 2025 से एडीजी पुलिस आयोजना, आधुनिकीकरण एवं कल्याण के पद पर कार्यरत थीं। इससे पहले वे पुलिस मुख्यालय जयपुर में आईजी, एडीजी इंटेलीजेंस सहित, कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुकी हैं। उन्होंने सिरोही, जयपुर ग्रामीण, बांसवाड़ा, पाली और अजमेर में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी भी संभाली। मूल रूप से अजमेर की रहने वाली प्रशाखा माथुर ने एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद सिविल सेवा में प्रवेश किया। केन्द्र में प्रतिनियुक्ति के दौरान वे 2009 से 2014 तक खुफिया ब्यूरो (आईबी) में अतिरिक्त उपनिदेशक और उपनिदेशक के पद पर भी रहीं।

शिखर अग्रवाल लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम विभाग के साथ, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर सहित कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके और पत्नी प्रशाखा माथुर तथा दोनों बेटों व सास-ससुर के नाम पर एक ही निजी कंपनी से 40 विला-कॉटेज खरीदने का मामला सामने आने के बाद से प्रशासनिक महकमे में हलचल मची हुई है। आरोप है कि शिखर अग्रवाल ने पद का दुरुपयोग कर निजी कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया। इसी मामले में सामने आया है कि शिखर अग्रवाल के साथ प्रशाखा माथुर के नाम से भी उसी कंपनी से विला खरीदे गए थे। अनंता रिसॉर्ट के 40 विला में प्रशाखा माथुर की भी हिस्सेदारी बताई जा रही है। इनमें से कुछ संपत्तियों का उल्लेख उनके सालाना संपत्ति विवरण में किया गया है, जबकि अलवर में हुई खरीद का उल्लेख संपत्ति विवरण में नहीं होने की बात सामने आई है। इस पहलू को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि संपत्ति खरीद, हितों के टकराव और पद के कथित दुरुपयोग से जुड़े बिंदुओं की जांच के दौरान प्रशाखा माथुर की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। हालांकि, उनके खिलाफ जांच या पूछताछ को लेकर किसी आधिकारिक निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

एक ही परिवार के दो वरिष्ठ अधिकारियों के एपीओ होने के बाद राजस्थान के प्रशासनिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

- प्रशाखा माथुर 1995 बैच की आईपीएस हैं तथा वर्तमान में एडीजी पुलिस आयोजना, आधुनिकीकरण, एवं कल्याण के पद पर कार्यरत हैं। पति-पत्नी दोनों को एपीओ किये जाने के बाद प्रशासनिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई।



शिखर अग्रवाल



प्रशाखा माथुर

मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को जांच के आदेश दिए गए हैं। एसीबी ने प्राथमिक जांच (पीई) दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

जेल से रिहा होते ही आजम खान ईडी की हिरासत में

रामपुर, 31 अक्टूबर। समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता आजम खान को शनिवार को रामपुर जिला जेल से रिहाई के तुरंत बाद, ईडी ने अपनी हिरासत में ले लिया। इस दौरान भारी संख्या में फोर्स तैनात थी। उनकी रिहाई के बाद ईडी द्वारा हिरासत में लिए जाने पर सपा समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है।

- हाईकोर्ट से दो पैन कार्ड के मामले में जमानत मिलने के बाद आजम खान शनिवार की शाम रामपुर जेल से बाहर आये थे।


29 अक्टूबर को दो पैनकार्ड मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खां और अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी स्वीकार ली गई थी। शुक्रवार को कागजी कार्रवाई पूरी हुई और शनिवार शाम को उन्हें रामपुर जेल से रिहा कर दिया गया था। उनके जेल से छूटने की खबर पाकर भारी संख्या में उनके समर्थक जुटे थे। लेकिन आजम

(शेष पृष्ठ 4 पर)

कोटा में पुलिस ने 20 क्विंटल संदिग्ध मिल्क केक और मावा पकड़ा

पुलिस की निशानदेही पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की

कोटा, (निसं)। दिपावली पर खपाने के लिए कोटा में लाया गया 20 क्विंटल संदिग्ध मिल्क केक और मावा किशोरपुरा थाना इलाके की सिंधी कॉलोनी में शनिवार को पकड़ा गया। इस संबंध में पुलिस की निशानदेही पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। मामले में पुलिस को पहले सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फूड सेफ्टी ऑफिसर्स को बुलाया गया और एक्शन लिया। 100 स्क्वायर फीट की दुकान में ही 20 क्विंटल माल रखा हुआ था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के लिए संदिग्ध मावे के नमूने भी लिए।



कोटा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संदिग्ध मिल्क केक मिलने पर कार्रवाई की।

- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के लिए संदिग्ध मावे के नमूने भी लिये, कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मोबाइल फोन बंद कर दिए गए
- 100 स्क्वायर फीट की दुकान में ही 20 क्विंटल माल रखा हुआ था

कोटा सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि दिवाली के त्यौहार पर मिलावटखोरों पर नकेल डालने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सूचना मिली थी कि सिंधी कॉलोनी में एक दुकान पर बड़ी मात्रा में संदिग्ध मिल्क केक और मावा रखा गया है। इसकी सूचना पर पुलिस पहले मौके पर पहुंची और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से वार्ता की गई। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाया गया। दुकान की जांच करने पर अलग-अलग पैकेट में 20 क्विंटल के आसपास मिल्क केक और मावा मिला। दुकान को बृजेश कुमार ने जमुना शंकर राठौड़ को किराए पर दिया हुआ है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मोबाइल फोन बंद कर दिए गए। इस पूरे मामले को पुलिस टीम लीड कर रही थी।

थानाधिकारी चेतन शर्मा ने बताया कि यह सामग्री दो अलग-अलग ब्रांड की थी। 48 कार्टून थे। जिनमें प्रत्येक में 16 डिब्बे थे। एक डिब्बे का वजन ढाई किलो था। इसके अनुसार कुल 1920 किलो माल मिल्क केक और मावा था। दो अलग-अलग ब्रांड के नमूने होने के चलते 6 नमूने लिए गए हैं। इनकी रिपोर्ट आने तक माल को सीज कर दिया गया है। घटिया मिलने पर इसको फिकवाया जाएगा।

अलवर जेल में फिर मिली प्रतिबंधित सामग्री

अलवर, (निसं)। केंद्रीय कारागृह में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाने का एक और मामला सामने आया है। जेल की मुख्य दीवार के पास काले रंग की दो जुराबों में छिपाकर फेंके गए एक एंड्रॉयड मोबाइल, दो की-पैड मोबाइल, तंबाकू के पाउच और बीड़ी के बंडल बरामद किए गए हैं। जेल प्रशासन की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- दीवार के पास तलाशी में एक एंड्रॉयड और दो की-पैड मोबाइल सहित तंबाकू व बीड़ी के 57 पैकेट बरामद

कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि जेल की काठ की गुमटी पर तैनात कांस्टेबल हंसराज ने वॉकी-टॉकी के जरिए अधिकारियों को सूचना दी कि जेल की मुख्य दीवार के पास दो अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध वस्तु फेंककर गए हैं। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तलाशी करवाई। तलाशी के दौरान जेल के वार्ड नंबर 8 और 9 की मुख्य दीवार के पास दक्षिण दिशा में काले रंग की दो जुराबें पड़ी मिलीं। जेल अधिकारियों की मौजूदगी में जुराबों को खोलकर जांच की गई तो उनमें प्रतिबंधित सामग्री मिली। बरामद सामग्री में कुबेर तंबाकू के 32 पाउच, 502 पताका बीड़ी के 25 बंडल, एक ओप्पो एंड्रॉयड मोबाइल, दो की-पैड मोबाइल और दो सफेद डाटा केबल शामिल हैं। जेल प्रशासन ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी करवाई तथा बरामद सामग्री को दो अलग-अलग पैकेटों में सील किया। इसके बाद कोतवाली थाने में शिकायत देकर प्रकरण दर्ज कराया गया।

थाना अधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि जेल प्रशासन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई रघुवीर सिंह यादव को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जेल में प्रतिबंधित सामग्री मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। उन प्रकरणों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है कि प्रतिबंधित सामग्री जेल की दीवार के पास कौन फेंककर गया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

बाड़मेर में दो दिवसीय दिपावली प्रदर्शनी का शुभारंभ



बाड़मेर में डिंपल तनसुखाणी व जया तनसुखाणी ने दो दिवसीय दीपावली प्रदर्शनी लगाई।

जयपुर/बाड़मेर। थार नगरी बाड़मेर में महिला सशक्तीकरण की नायब मिसाल देखने को मिली, जब दो महिलाओं डिंपल तनसुखाणी व जया तनसुखाणी ने शनिवार से दो दिवसीय दीपावली प्रदर्शनी आयोजित कर रंग रंगीले मनमोहक लक्ष्मी पूजा सामग्री, चूडिया, मेहन्दी, ज्वैलरी, होम डेकोर, लाइफस्टाइल उत्पाद सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराकर विशेष फैशन कॉचर इवेंट्स की शुरुआत की।

प्रदर्शनी का उद्घाटन कन्या देवी सोनी उपसभापति, नगर परिषद् ने किया। इस अवसर पर अर्चना चांडक रेणू दर्जी व रेवती देवी विजय कुमार पार्षद उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के दौरान कन्या देवी सोनी उपसभापति ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं एवं स्थानीय उद्यिमयों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और ग्राहकों तक पहुंच बनाने का बेहतर अवसर मिलता है। साथ ही, त्योहारों की परंपरा और संस्कृति को बढ़ावा देने में भी ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव ड्यूटी से लौट रहे पुलिसकर्मियों की स्कॉर्पियो से भिड़ी दूसरी गाड़ी

टोंक पुलिस के जवानों समेत सात लोग घायल, एक की मौत हो गई

भीलवाड़ा, (निसं)। भीलवाड़ा-आसींद मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर रफ्तार का कहर देखने को मिला। मोड़ का निम्बाहेड़ा के समीप दो स्कॉर्पियो गाड़ियां आमने-सामने टकरा गईं। इस भीषण हादसे में पंचायत चुनाव की ड्यूटी से लौट रहे टोंक पुलिस के जवानों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन पुलिसकर्मियों समेत छह घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

- हादसे में घायल तीन पुलिसकर्मियों समेत छह घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है

आसींद थाने के दीवान नरपत सिंह के मुताबिक, टोंक जिला पुलिस के जवान आसींद क्षेत्र के बराणा मतदान केंद्र पर पंचायत चुनाव की ड्यूटी पूरी कर शनिवार दोपहर स्कॉर्पियो से भीलवाड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान मोड़ का निम्बाहेड़ा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी स्कॉर्पियो से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एमजीएच अस्पताल में टोंक जिले की हैड कांस्टेबल इंद्रा, महिला पुलिसकर्मी अनिता और जवान खुशीराम का इलाज चल रहा है। दूसरे वाहन में सवार बालूराम गुर्जर (45), परमेश, कमलेश और सूरज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें गंभीर रूप से घायल बालूराम गुर्जर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने उनका शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। हादसे के तुरंत बाद भीलवाड़ा-आसींद मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भीषण जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही आसींद और मांडल थानों का पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु कराया।

अवैध पटाखों के भंडारण पर एक युवक गिरफ्तार

अलवर, (निसं)। दीपावली के त्योहार को देखते हुए पुलिस अवैध रूप से पटाखों का भंडारण और बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। कोतवाली थाना पुलिस ने देर शाम शहर के मुख्य बाजार में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी साहिल पुत्र वीरेन निवासी 200 फीट रोड को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आतिशबाजी के दो कट्टे जब्त किए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश चंद्र ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मारी

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र में सरकन कोपचा गांव के पास ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार महेश कुमार रोत की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

सदर थाने के एसआई महेश चंद्र ने बताया कि आसेला निवासी सोमा रोत ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा महेश कुमार रोत बाइक से डूंगरपुर से अपने घर आसेला लौट रहा था। सरकन कोपचा के पास सागवाडा की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर सामने से आ रहे ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी।

फ्लाईओवर से कूदी महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में एक महिला द्वारा शुक्रवार रात्रि को फ्लाईओवर से नीचे रेलवे ट्रैक पर छलांग लगाने का मामला सामने आया है। रेलवे ट्रैक पर गिरने के बाद ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया।

- मामले में सामने आया कि मृतका बीमारी से पीड़ित थी

जानकारी के अनुसार इलाके के प्रेम नगर निवासी 52 वर्षीय महिला घर से निकली थी, उसके साथ उसका बेटा भी था। पैदल जाते समय अचानक से महिला ने भामाशाह मंडी रोड स्थित फ्लाई ओवर से नीचे रेलवे ट्रैक पर कूद गई। तभी दो मिनट बाद रेलवे ट्रक पर आई ट्रेन की चपेट में आ गई। मामले में सामने आया कि मृतका बीमारी से पीड़ित थी। उद्योग नगर थानाधिकारी आनंद यादव ने बताया कि प्रेम नगर निवासी अंजू बाई (52) अपने बेटे के साथ शुक्रवार रात्रि को जाते समय भामाशाहमंडी रोड स्थित फ्लाई ओवर से नीचे रेलवे ट्रैक पर कूद गई, जिसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल मामले में कोई कारण सामने नही आया है, मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

मासूम की करंट लगने से मौत

जोधपुर, (कासं)। मथानिया थाना क्षेत्र में करंट लगने से बच्चे की मौत हो गई। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान ट्रांसफॉर्मर के तारों की चपेट में आ गया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि बालरवा निवासी रितेश (8) पुत्र सुमेरराम माली की मौत हुई है। बच्चे के पिता किसान है। बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। मकान के पास एक सिंगल फेज का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसके पास अर्थिंग का तार लगा हुआ था। बच्चा खेलते-खेलते तारों की चपेट में आ गया और करंट लगने से झुलस गया।

जोधपुर में महिला ने हौद में कूदकर आत्महत्या की

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती कुड़ी भगतासनी स्थित मोती नगर, झालामंड एरिया में रहने वाली एक महिला ने पानी के होद में कूदकर अपनी जान दे दी।

- आत्महत्या का आरंभिक कारण महिला साइबर ठगी का शिकार होना बताया जा रहा है

आत्महत्या का आरंभिक कारण महिला साइबर ठगी का शिकार होना बताया गया है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा। पुलिस महिला के मोबाइल की जांच में जुटी है। पति ने दो अंजान शख्स पर साइबर ठगी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। जांच एसआई सहदेव द्वारा की जा रही है।

कुड़ी पुलिस ने बताया कि परिवादी मोतीनगर निवासी भानुप्रकाश पुत्र खंगारराम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 29 अक्टूबर को उसकी पत्नी ने घर में बने पानी के होद में कूद कर आत्महत्या कर ली। पति के अनुसार परिवार में किसी प्रकार का घरेलू विवाद नहीं था। घटना के बाद पत्नी के मोबाइल की जांच करने पर व्हाट्सएप के माध्यम से दो अनजान व्यक्तियों के कॉल और मैसेज मिले। मोबाइल में मौजूद वॉयस रिकॉर्डिंग में रुपयों की मांग किए जाने की बात सामने आई।

पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी ने 20 हजार रुपये तथा घर के कुछ गहने बेचकर भी रुपये दिए थे। पति ने आशंका जताई कि अज्ञात व्यक्तियों की ओर से लगातार रुपयों की मांग और दबाव बनाए जाने से परेशान होकर उसकी पत्नी ने आत्महत्या की।

जेएनवीयू में पेंशनर्स का धरना जारी

जोधपुर, (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व शिक्षकों को सात माह से पेंशन नहीं मिली है। पेंशन भुगतान की मांग को लेकर पेंशनर्स का धरना लगातार एक माह से जारी है। इस कड़ी में शनिवार को उन्होंने हैड ऑफिस में कुलपति को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ किया।

पेंशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. रामनिवास शर्मा ने कहा कि दीपावली नजदीक है, लेकिन सात माह से पेंशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बकाया पेंशन के भुगतान और समस्या के स्थायी समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा। पेंशनर्स ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल और आमरण अनशन करेंगे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स के लिए दैनिक खर्च के साथ दवाइयों का खर्च उठाना भी मुश्किल हो रहा है।

किसानों का धरना जारी

सादुलपुर, (निसं)। यमुना जल समझौता के तहत हांसियावास डैम निर्माण को लेकर किसानों की बेसकीमती उपजाऊ भूमि अधिग्रहण के विरोध में तांबाखेड़ी में हांसियावास डैम किसान संघर्ष समिति के बैनर तले 75 दिनों से धरना प्रदर्शन जारी है।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सहारण चुबकियागढ़ ने बताया कि शनिवार को धरने पर महिला शक्ति ने गीतों के द्वारा भगवान श्री कृष्णजी को किसानों की सहायता के लिए पुकारा। वहीं तांबाखेड़ी चुनावी सभा में चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां ने भी किसानों को यमुना जल समझौता डैम की जानकारी दी। इस दौरान हांसियावास डैम किसान संघर्ष समिति ने एक ज्ञापन दिया है।

कोटा के अस्पताल में किशोरी के पेट से पानी से भरी 400 से अधिक गांठें निकालीं

कोटा, (निसं)। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में चिकित्सकों ने अनूठा ऑपरेशन किया। उन्होंने एक किशोरी के पेट से 400 से 500 पानी की गांठें निकाली जो गुब्बारे की तरह नजर आ रही थी। इनमें पानी भरा था और बाहर चमड़ी की परत थी। ऑपरेशन के दौरान कई गांठें फट गई और पानी बाहर निकल गया। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी डॉग के अपशिष्ट में मिलने वाले कीड़े के पेट में चले जाने से होती है। इस तरह के मामले दुर्लभ होते हैं।

- चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी डॉग के अपशिष्टमें मिलने वाले कीड़े के पेट में चले जाने से होती है

कोटा मेडिकल कॉलेज के सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर और यूनिट हेड डॉ. आरजी मीणा ने बताया कि 23 अक्टूबर को सांगोद निवासी 16 वर्षीय किशोरी आई। वह लंबे समय से पेट दर्द और उल्टी की समस्या से परेशान थी। सोनोग्राफी कराई तो पेट में सिस्ट नजर आई। सीटी स्कैन रिपोर्ट में बताया गया कि यह हाइड्रेट सिस्ट या ओवरी ट्यूमर (अंडाशय में गांठ) हो सकती है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में किशोरी का ऑपरेशन किया। करीब सवा घंटे चले ऑपरेशन में पेट से 10 किलो वजनी गांठें निकाली गई। इनमें नींबू से लेकर संतरे के आकार तक की गांठें थीं। इनको जांच के लिए हिस्टोपैथोलॉजी लैब भेजा है। रिपोर्ट आने पर साफ होगा कि यह पानी की गांठ कैसे बनी है। ऐसे मामले काफी कम मिलते हैं।

डॉ. आरजी मीणा ने बताया कि ये हाइड्रेट सिस्ट है। यह स्वान के मल में मिलने वाले कीड़े के जरिए ही फैलती है। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर हाइड्रेट सिस्ट लीवर में ही बनती है। इसके तहत डॉग के मल में मिलने वाला परजीवी सब्जी या अन्य तरीके से पेट में चला जाता है। बिना धोए फल या सब्जी खाने से ऐसा होता है। इसके बाद लीवर में यह सिस्ट बन जाती है। लिवर से निकल शरीर में फैल जाती है। डॉ. मीणा के अनुसार पेट में ये गांठें अलग-अलग साईज की है। अलग-अलग जगह थी। पूरे पेट में ही फैली थी। इसके चलते कई अंगों व नसों पर दबाव आ रहा था।ऑपरेशन के बाद किशोरी की हालत ठीक है। ऑपरेशन में डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. निखिल और डॉ. नवनीत शर्मा शामिल रहे। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. एससी दुलारा और डॉ. हंसराज मौजूद रहे।

छबड़ा में पंचायतीराज चुनाव में शांतिभंग करने पर 15 जने गिरफ्तार

छबड़ा, (निसं)। पंचायतीराज चुनाव-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के लिए छबड़ा पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक दिवसीय विशेष अभियान "ऑपरेशन विजयादशमी" चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।



ऑपरेशन विजयादशमी में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु के निर्देश पर सीआई राजेश कुमार खटाना के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने पंचायतीराज चुनाव को देखते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। थाना स्तर पर गठित गुप्त आसूचना टीम ने अब तक 200 व्यक्तियों को चिन्हित किया है, जिनकी गतिविधियों पर पुलिस लगातार नजर रख रही है। वहीं, पिछले दो दिन में 31 असामाजिक व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों को चेतावनी पुलिस ने सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर भी निगरानी बढ़ा दी है। चुनाव को प्रभावित करने वाली भ्रामक वीडियो, पोस्ट, अफवाह या गलत तथ्य प्रसारित करने वालों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण टीम का कालदां व भीमलत बफर जोन का दौरा जारी

बूंदी, (निसं)। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की चार सदस्यीय टीम का बूंदी के जंगलों में दौरा दूसरे दिन भी जारी रहा। टीम ने टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के साथ शनिवार को बफर जोन के जंगलों का अवलोकन किया तथा यहां की जैव विविधता का मूल्यांकन किया।



राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टीम ने बूंदी के जंगलों का दौरा किया।

- टीम ने जैव विविधता व बाघों के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया
- टाइगर रिजर्व के अधिकारियों व फील्ड स्टाफ से बाघों की मॉनिटरिंग व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली

टीम में शामिल अधिकारियों व प्राधिकरण के सदस्यों ने दुर्वासा महादेव, कालदां माताजी, दूधिया महादेव, खीण्या, भीमलत महादेव व बाणगंगा क्षेत्र का अवलोकन किया। टीम ने क्षेत्र का दौरा कर बाघों की वस्तुस्थिति एवं किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने टाइगर रिजर्व के अधिकारियों व फील्ड स्टाफ से बाघों की मॉनिटरिंग व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। टीम में सेवानिवृत्त पीसीसीएफ आलोक कुमार व एनटीसीए के विशेषज्ञ शामिल थे। इस दौरान उन्होंने टाइगर मॉनिटरिंग, वन्यजीव सुरक्षा और रिजर्व प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग की चौकियों, सुरक्षा संसाधनों, कोर क्षेत्र से गांवों के विस्थापन और एनटीसीए प्रोटोकॉल के तहत कार्यों का भी मूल्यांकन किया। निरीक्षण के आधार पर टाइगर रिजर्व की रैंकिंग रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। इस दौरान टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर सुगनाराम जाट उपवन संरक्षक (कोर) अरुण कुमार डी, उपवन संरक्षक (बफर) आलोकनाथ गुप्ता, सहायक वन संरक्षक हरि सिंह हाड़ा, नवीन नारायणा, सुनील धाभाई, रामगढ़ रेंजर सुमित कन्नौजिया, हिंडोली रेंजर कैलाश शर्मा व भोपतपुरा रेंजर जनक सिंह भी साथ थे। एनटीसीए की टीम रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के दो दिवसीय दौरे के बाद रविवार से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के जंगलों का दौरा कर मूल्यांकन करेगी।

सादुलपुर इंडस्ट्रियल एरिया में घायल दुर्लभ उल्लू मिला

सादुलपुर, (निसं)। इंडस्ट्रीयल एरिया सादुलपुर में एक घायल दुर्लभ भारतीय बार्न ऑवल मिला। इसकी सूचना साथी अमित राठौड़ ने पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह गुलपुरा को दी। जिस पर संस्था वाइल्ड लाइफ इन नेचर एंड ग्रीन सोशल ट्रस्ट विंग्स एनजीओ के अध्यक्ष सुमेर सिंह सिहाग ने अपने साथियों शंकर लाल सिंगला, रामफल, विनोद आदि के सहयोग से घायल दुर्लभ इंडियन बार्न ऑवल का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किया। यह उल्लू इंडियन बार्न ऑवल प्रजाति का है। इसका एक पंख टूट गया था, जिसके कारण यह उड़ने में असमर्थ था। बाद में घायल पक्षी को उपचार हेतु वन विभाग सादुलपुर के सुपुर्द कर दिया गया।

सुमेर सिंह सिहाग ने बताया कि यह प्रजाति हमारे आसपास बहुत ही कम संख्या में दिखाई देती है। सिहाग ने बताया कि अब सर्दियों में इनका ब्रीडिंग काल होने के कारण यह पक्षी जमीन पर झाड़ झंखाड़ों में रहने को आ जाते हैं और कई बार बिजली के तारों से या हिंसक जानवरों के द्वारा घायल कर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इनको जहां भी दिखाई दे वहां सबसे पहले तो यह देखना चाहिए कि कहीं आसपास इनका घोंसला या परिवार है तो वहीं पर अगर बच्चे हैं तो छोड़ देना चाहिए।

पत्नी से प्रेम संबंध में बाधा बना तो चचेरे भाई ने श्रवण को मार डाला

ट्रेन से धक्का देने के बाद भी बचा तो पत्थर और लोहे की पत्ती से सिर पर वार किए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । बिंदायका थाना इलाके में धानक्या रेलवे ट्रैक के पास मिले श्रवण सिंह (34) के शव के मामले में पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए उसके चचेरे भाई भवानी सिंह उर्फ कालू (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के मृतक की पत्नी से प्रेम संबंध थे। इसी संबंध में बाधा बनने के कारण उसने श्रवण की हत्या की साजिश रची। वारदात को ट्रेन हादसा दिखाने के लिए शव के पास से उसकी चप्पलें और बैग दूर फेंक दिए थे।

डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 30 अक्टूबर को धानक्या फाटक के पास जयपुर-फुलेरा रेलवे लाइन के नजदीक एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान झुंझुनूं जिले के गोविंदपुरा मेहाड़ा निवासी श्रवण सिंह के रूप में हुई। वह मकराना में रेलवे ठेकेदार के पास काम करता था। सूचना पर डीसीपी पश्चिम, एसीपी बगरू धर्मेंद्र कुमार, बिंदायका थानाधिकारी अनिल जैमिनी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

- हत्या को हादसा दिखाने के लिए चप्पल-बैग दूर फेंके, आरोपी झुंझुनूं से गिरफ्तार



बिंदायका थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में चचेरे भाई को गिरफ्तार किया।

फुलेरा से धानक्या पहुंचे थे दोनों

थानाधिकारी अनिल जैमिनी के अनुसार श्रवण 29 अक्टूबर को करवा चौथ के दिन अपने चचेरे भाई भवानी के साथ मकराना से गांव जाने के लिए निकला था। दोनों रास्ते में फुलेरा उतर गए। वहां से लिफ्ट लेकर शाम करीब 6:30 बजे धानक्या पहुंचे। इसके बाद रेलवे ट्रैक के पास बैठकर दोनों ने शराब पार्टी की। जांच में सामने आया कि शराब पीने के बाद ट्रेन आती देखकर भवानी ने श्रवण को रेलवे ट्रैक की ओर धक्का दे दिया। ट्रेन से टकराकर श्रवण दूर जा गिरा, लेकिन उसकी जान बच गई। इसके बाद आरोपी ने पास पड़े पत्थर और लोहे की पत्ती से उसके सिर पर वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई।

हादसा दिखाने के लिए फेंके चप्पल और बैग

हत्या के बाद आरोपी ने श्रवण की चप्पलें और बैग शव से दूर फेंक दिए, ताकि घटना ट्रेन की चपेट में आने से हुई दुर्घटना लगे। इसके बाद वह मोबाइल बंद कर वहां से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपी धानक्या गांव होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचा।

सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस ने जयपुर फुलेरा, रेवाड़ी और झुंझुनूं जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। धानक्या रेलवे फाटक के कैमरे में संदिग्ध की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम ने झुंझुनूं जिले के मिहांडा थाना क्षेत्र से भवानी सिंह को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी श्रवण की पत्नी से बातचीत होती थी और इसकी जानकारी श्रवण को हो गई थी। इसी रंजिश के चलते उसने हत्या की योजना बनाई और श्रवण को बातों में उलझाकर रेलवे ट्रैक तक ले गया। वारदात के बाद आरोपी ने श्रवण की पत्नी को फोन कर हत्या की जानकारी भी दी थी। पुलिस अब इस मामले में पत्नी की भूमिका की भी जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को 151वीं जयंती पर किया नमन

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को "लौह पुरुष" सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर सांसद मदन राठौड़ ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजाद भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने तक सरदार पटेल की भूमिका ऐतिहासिक रही है।

उन्होंने रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देश की सम्प्रभुता के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उनके राष्ट्रिहत सर्वोपरि रखने के आदर्श आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

होटल के कमरे में मिला युवक का शव

नशे की ओवरडोज से मौत की आशंका

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। दिल्ली रोड पर आमेर-कुंडा स्थित होटल मून महल में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक एक युवती के साथ होटल के कमरे में ठहरा हुआ था। कमरे में युवक को मृत देखकर युवती ने आमेर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस प्रथमदृष्टया नशे की ओवरडोज से मौत होने की आशंका जता रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि नांगल सुसावतान निवासी रवि मीणा (34) होटल में युवती के साथ ठहरा हुआ था। युवती ने कमरे में रवि को बेड पर मृत अवस्था में देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो रवि की नाक से खून निकल रहा था। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आमेर सैटेलाइट अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि रवि चोरी के आरोप में जेल में बंद था और हाल ही में जेल से छूटकर आया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि होटल में पहले युवती के साथ एक अन्य युवक ने कमरा किराए पर लिया था। जो गुरुवार को वहां से चला गया। इसके बाद रवि होटल पहुंचा था।

पुलिस के अनुसार रात में रवि और युवती ने नशा किया था। इसके बाद युवती सो गई, जबकि रवि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को आशंका है कि नशे की अधिक मात्रा लेने से उसकी जान गई। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

- युवती के साथ ठहरा था रवि मीणा, नाक से निकल रहा था खून
- एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

युवक का अपहरण करके हत्या करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



जयपुर (कासं)। तूंगा क्षेत्र में युवक का अपहरण कर सरियों और लाठी-डंडों से मारपीट करने तथा हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलकर फरारी काट रहे थे। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। थानाधिकारी सज्जन सिंह के अनुसार 15 सितंबर 2026 को परिवादी ओमप्रकाश बैरवा निवासी दनाऊ कलां अपने भाई के साथ रिश्तेदार से एक लाख रुपए उधार लेकर घर लौट रहे थे। खेत से गाय निकालने के दौरान सफेद बोलेरो और चार मोटरसाइकिलों पर आए आरोपियों ने उनसे तीन हजार रुपए और आईफोन के पैसे मांगे। विरोध करने पर बंदूक दिखाकर दोनों का अपहरण कर खतैपुरा स्थित फार्म हाउस ले गए।

फार्म हाउस पर पहले से मौजूद 30 से 40 लोगों ने दोनों भाइयों के साथ सरियों और लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने उनकी जेब से एक लाख रुपए छीन लिए और पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। साथ ही रकम नहीं देने पर जान से मारने और मोबाइल में मौजूद निजी फोटो प्रसारित करने की धमकी दी। रात करीब नौ बजे आरोपियों ने दोनों को रास्ते में छोड़ दिया। मारपीट में गंभीर चोटें आईं। मामले में अपहरण, लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने दबिश देकर रोहित कुमार मीणा उर्फ रॉकी (18) निवासी शिवदासपुरा, मनीष कुमार मीणा उर्फ मनीष चीता (21) निवासी तूंगा और हीरालाल मीणा उर्फ भोला (20) निवासी तूंगा को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में अन्य नामजद और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मावा-दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा दल ने की छापेमारी

जयपुर। त्योहारी सीजन में मावा, दूध और इनसे बनी मिठाइयों की बढ़ती मांग के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए सघन जांच अभियान चलाया। शुक्रवार देर रात से शनिवार अलसुबह तक जयपुर प्रथम की खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम ने चिथवाड़ी मोड़ से घठवाड़ा क्षेत्र तक मावा निर्माण इकाइयों और दूध आपूर्ति केंद्रों का निरीक्षण कर कुल 14 नमूने लिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मावा निर्माण प्रक्रिया, दूध की आवक, कच्चे माल की गुणवत्ता, खाद्य पदार्थों के निर्माण और भंडारण व्यवस्था की जांच की गई। टीम ने घठवाड़ा गांव स्थित श्री बालाजी मावा भंडार, एसएस डेयरी, श्री श्याम मावा पनीर उद्योग, माहिर मावा भंडार (एनएच-1 दिल्ली रोड) और चिथवाड़ी मोड़ स्थित मैसर्स एमके एंटरप्राइजेज तथा अलंकार मावा पनीर भंडार सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

वहीं इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से मावा और मिश्रित दूध के 14 नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में अधिकांश प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी कमियां मिलीं। कई जगह खाद्य कारोबार से जुड़े कर्मचारियों के चिकित्सा फिटनेस प्रमाण-पत्र और परिसर की कीट नियंत्रण रिपोर्ट सहित आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। इन अनियमितताओं पर एसएस डेयरी, मैसर्स एमके एंटरप्राइजेज, राजकुमार अधिकारियों ने पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए जयपुर स्थित खाद्य प्रयोगशाला भेजे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जयपुर में साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क पकड़ा

दो गिरफ्तार, 42 एटीएम कार्ड और 20 चेकबुक बरामद

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर दक्षिण की नारायण विहार थाना पुलिस ने ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़े दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी लिंक, टेलीग्राम टास्क और लोन का झांसा देकर की जाने वाली साइबर ठगी की रकम के लेनदेन के लिए फर्जी और किराए के बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42 एटीएम कार्ड, 20 बैंक चेकबुक, 10 पासबुक और 11 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

- 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी की रकम खातों में आई



पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और त्वरित निस्तारण के लिए पूरे राजस्थान में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नारायण विहार थाना पुलिस और साइबर सेल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 30 अक्टूबर को नारायण सागर स्थित एक फ्लैट पर दबिश दी।

थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आकाश चौधरी (20) निवासी मोहनपुरा, मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर और अमित वैष्णव (24) निवासी सलेमाबाद, रूपनगढ़, अजमेर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी फिलहाल नारायण सागर स्थित फ्लैट में रह रहे थे।

20 लाख से अधिक की ठगी का लेनदेन

पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर बड़ी संख्या में बैंकिंग दस्तावेज और मोबाइल फोन बरामद किए। जब्त बैंक खातों और पासबुक का नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर मिलान करने पर देशभर से सात साइबर शिकायतें दर्ज होना सामने आया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के बैंक खातों में अब तक 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी की रकम प्राप्त हो चुकी है।

कमीशन लेकर आगे पहुंचाते थे रकम

जांच में सामने आया कि आरोपी मुख्य साइबर अपराधियों को ठगी की रकम के लेनदेन के लिए किराए पर या फर्जी तरीके से खुलवाए गए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इन खातों में ठगी की रकम जमा होने के बाद आरोपी अपना कमीशन काट लेते थे। इसके बाद शेष रकम दूसरे बैंक खातों में ऑनलाइन स्थानांतरित कर देते थे या एटीएम से नकदी निकालकर मुख्य सरगना तक पहुंचाते थे।

जंगल में युवक का शव मिलने से सनसनी फैली

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के 17 नंबर स्थित जंगल में शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव के पास ही एक पेड़ पर रस्सी का फंदा बंधा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया शव करीब एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को जंगल में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो जंगल के भीतर करीब एक किलोमीटर दूर युवक का शव मिला। मृतक की उम्र करीब 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है। शव के पास पेड़ पर रस्सी का फंदा भी बंधा हुआ था। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त करने के साथ परिजनों की तलाश में जुटी है। मामले में आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

- शव के पास पेड़ पर बंधा मिला रस्सी का फंदा
- एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य, आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं से जांच

सार-समाचार

'संविधान कमजोर करने की कोशिश हो रही'



जयपुर। फोरम फॉर डेमोक्रेसी एंड कम्युनल एमिटी (एफडीसीए) की ओर से शनिवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में 'संविधान, सद्भाव और वर्तमान परिस्थितियां' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता, चुनावी प्रक्रिया और सामाजिक सद्भाव पर विचार रखे। प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार संविधान को व्यवहार में कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने न्यायपालिका की स्वतंत्रता, कॉलेजियम व्यवस्था में हस्तक्षेप, संसद में बिना पर्याप्त चर्चा विधेयक पारित होने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और ईवीएम की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि विविधता में एकता भारतीय संविधान की बुनियादी विशेषता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सामाजिक विभाजन और एकरूपता थोपने के प्रयास देश की एकता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए नुकसानदेह हैं। उन्होंने कानून निर्माण में नागरिक समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सवाई सिंह ने संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए व्यापक जनजागरण तथा एकजुट संघर्ष का आव्हान किया। शुरुआत में डॉ. मुहम्मद इकबाल सिद्दीक़ी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश टेकचन्द राहुल, फादर विजय पॉल, डॉ. जॉन मैथ्यू, प्रो. बी.एम. शर्मा, सुमित्रा चोपड़ा, हाफिज मंजूर अली, संदीप होशंगाबाद, एडवोकेट प्रेमकिशन शर्मा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और चिंतक मौजूद रहे।

'पूरा विश्व भारत को गंभीरता से सुनता है'

जयपुर। शब्द रसायन संस्थान और लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'शब्द प्रेरणा' श्रृंखला में शनिवार को मालवी गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त अमरा राम गुजर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान नेतृत्व में भारत विश्व में मजबूत हुआ है और अब पूरा विश्व भारत की बात को गंभीरता से सुनता है। गुजर ने अपने बचपन, बेरोजगारी और संघर्ष के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और पूर्वाग्रहों से मुक्त रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संवाद सत्र में उन्होंने भारत की वैश्विक स्थिति और कठिन परिस्थितियों में उच्चायुक्त के दायित्वों पर भी चर्चा की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मुदित गुप्ता ने स्वागत किया। शब्द रसायन संस्थान के निदेशक डॉ. रेवंत दान ने युवाओं के राष्ट्र के प्रति दायित्व बताए। मानद सचिव मुरारी गुप्ता ने वास्तविक राष्ट्रनायकों को पहचानने की आवश्यकता बताई। प्रो. केशव शर्मा ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया। डॉ. अंकुश गौतम ने आभार जताया और कार्यक्रम का संचालन संस्थान की मीडिया सलाहकार कशिश गौड़ ने किया।

मारपीट-अभद्रता के आरोप में 3 पकड़े

जयपुर । मालवीय नगर स्थित मोलिज क्लब में युवक और उसकी दोस्त के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। जवाहर सर्किल पुलिस ने क्लब के दो बाउंसर और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने आरोपियों पर धर्म और जाति को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने, मारपीट करने और सोने के आभूषण छीनने का आरोप लगाया है। जवाहर सर्किल थानाधिकारी महेश चंद्र गुर्जर ने बताया कि खो नागोरियान निवासी कासिम अंसारी 20 अक्टूबर रात 8 बजे अपनी दोस्त के साथ क्लब में गया था।

अलवर से आया 500 किलो घटिया पनीर पकड़ा, नमूने जांच के लिए भेजे

200 रुपए प्रति किलो के भाव से खरीदा गया था पनीर, होटलों में 400 रु. में बेचने की तैयारी थी



खाद्य सुरक्षा दल ने शनिवार को मालवीय नगर सेक्टर-10 में जनता डेयरी पर कार्रवाई कर घटिया पनीर जब्त किया।

जयपुर (कासं)। त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मालवीय नगर सेक्टर-10 स्थित जनता डेयरी पर कार्रवाई की। यहां करीब 500 किलो घटिया श्रेणी का पनीर मिलने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 के तहत नमूने लिए गए और शेष पनीर खाने योग्य नहीं पाए जाने पर नष्ट करवा दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि मौके पर मौजूद दुकानदार इरफान ने पूछताछ में सामने आया कि वह अलवर से 200 रुपए प्रति किलो की दर से पनीर खरीदकर जयपुर के विभिन्न ढाबों और रेस्टोरेंटों में बेचता है। विभाग का कहना है कि इतनी कम कीमत पर गुणवत्तायुक्त पनीर तैयार होना संभव नहीं है। इस तरह का घटिया पनीर रिफाइंड खाद्य तेल और मिल्क पाउडर आदि से तैयार किए जाने की आशंका है। विभाग के मुताबिक, कुछ व्यापारी सस्ते दाम पर खरीदे गए घटिया पनीर को होटलों में करीब 400 रुपए प्रति किलो तक बेच देते हैं, ताकि उसकी गुणवत्ता पर संदेह न हो। त्योहारी सीजन में ऐसे पनीर की आवक बढ़ने की आशंका के चलते टीम ने रैकी कर जानकारी जुटाई और कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा

'विश्वविद्यालय की उन्नति सामूहिक प्रयासों से ही संभव'

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा, प्रगति और विकास सभी की साझा जिम्मेदारी है। विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी इसके मजबूत आधार हैं। सामूहिक प्रयास, आपसी सहयोग, संवाद और सकारात्मक कार्यसंस्कृति से ही विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयां हासिल कर सकता है।

विश्वविद्यालय के मासिक सेवानिवृत्ति समारोह में प्रो. रामावतार शर्मा का सम्मान करते हुए कुलगुरु ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का समापन नहीं, बल्कि वर्षों की निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता का सम्मान है। यह जीवन की नई पारी की शुरुआत भी है। किसी कार्मिक की वास्तविक उपलब्धि उसके कार्यों, स्थापित आदर्शों और संस्थान के प्रति छोड़ी गई सकारात्मक विरासत में होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल प्रशासनिक अथवा शैक्षिणक संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार और मातृसंस्था है। शिक्षक विश्वविद्यालय की आत्मा और समाज के भविष्य के निर्माता हैं। उनका दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान, विवेक, नैतिकता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। शिक्षण, शोध और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की दैनिक कार्यप्रणाली उनके समर्पण और दक्षता पर निर्भर करती है।

बिना बैंक गारंटी 170.22 करोड़ रु. की एफडीआर जारी करने के आदेश पर रोक

- राजस्थान हाईकोर्ट ने नागौर-मुकंदगढ़ हाईवे से जुड़े मामले में जयपुर मेट्रो-द्वितीय की कमर्शियल कोर्ट-1 के गत 28 अक्टूबर के उस आदेश पर रोक लगाई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नागौर-मुकंदगढ हाईवे से जुड़े मामले में जयपुर मेट्रो-द्वितीय की कमर्शियल कोर्ट-एक के गत 28 अक्टूबर के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बिना बैंक गारंटी 170.22 करोड़ की एफडीआर जारी करने के लिए कहा था। वहीं मामले में पक्षकारों से 17 नवंबर तक जवाब मांगा है। जस्टिस आनंद शर्मा ने यह अंतरिम आदेश पीडब्ल्यूडी की याचिका पर दिए।

अपील में कमर्शियल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। कमर्शियल कोर्ट ने कहा था कि डिक्रीधारक से बैंक गारंटी की बजाय केवल अंडरटेकिंग लेकर उसे एफडीआर जारी कर दी जाए। जबकि पीडब्ल्यूडी का कहना था कि कमर्शियल कोर्ट ने पूर्व में गत 17 जनवरी के आदेश से एफडीआर जारी करने के लिए डिक्रीधारक को समान राशि की बैंक गारंटी पेश करने की शर्त लगाई थी। जिससे दोनों पक्षों के हित सुरक्षित रह सकें। वहीं बाद में डिक्रीधारक ने बैंक गारंटी की शर्त में छूट के लिए आवेदन किया। कमर्शियल कोर्ट ने 28 अक्टूबर को पूर्व आदेश संशोधित कर बैंक गारंटी की अनिवार्यता खत्म कर दी और डिक्रीधारक को अंडरटेकिंग पेश करने पर ही एफडीआर जारी करने के लिए कहा। विभाग का कहना था कि संबंधित धनराशि सार्वजनिक धन है। बैंक गारंटी की शर्त हटाकर केवल अंडरटेकिंग पर ही राशि जारी करने से सरकारी खजाने को नुकसान होने की आशंका है। डिक्रीधारक की आर्थिक स्थिति का सत्यापन किए बिना और पर्याप्त सॉल्वेंट सिक्योरिटी लिए यह बडी राशि जारी करना उचित नहीं है।

42 लाख के मादक जलाकर नष्ट किए

जयपुर। जयपुर दक्षिण जिला पुलिस ने विभिन्न मामलों में जब्त किए गए करीब 42 लाख 3 हजार 250 रुपए बाजार मूल्य के अवैध मादक पदार्थों को औषधि व्ययन समिति के समक्ष नियमानुसार नष्ट कराया। एनडीपीएस एक्ट की धारा 52ए में की गई कार्रवाई में स्मैक, एमडी और गांजा भट्टी में जलाकर स्वाहा किया।

ARBiT
it happens here...



Celebrating World Vegan Day

World Vegan Day, observed every November 1, is a global celebration of plant-based living and compassionate choices. The day honours the benefits of a vegan lifestyle for health, the environment, and animal welfare. From nutritious plant-based meals to innovative cruelty-free products, vegans worldwide showcase how ethical eating can be both delicious and sustainable. The day also sparks awareness about reducing carbon footprints, conserving natural resources, and promoting animal rights. Events, workshops, and social media campaigns inspire people to explore plant-based diets, encouraging a shift towards mindful consumption. World Vegan Day is a reminder that small daily choices can create a healthier, kinder world.

राष्ट्रदूत
SUNDAY
01 November 2026
A-B

#LUX

Why Silk Looks Different

The diverse appearance of silk fabrics like Kora and Organza arises from a combination of fiber thickness (denier), and the removal of natural gum



Silk is one of the most luxurious natural fibers in the world, admired for its sheen, texture, and versatility. However, not all silk looks the same. Variations in silk's appearance and texture, such as seen in Kora and Organza, are influenced by several technical factors, including denier, ply, and degumming processes. Understanding these factors helps explain why silk fabrics differ so much in luster, smoothness, and strength.

Denier: The Thickness of Silk Fibers

Denier is a measure of the thickness or fineness of a single silk filament. A lower denier indicates a finer, more delicate fiber, while a higher denier produces a thicker, sturdier yarn.

- Fabrics made from fine-denier silk appear lighter, more translucent, and softer.
- Thicker-denier silk tends to produce heavier and more opaque fabrics.

The denier of the silk filament directly affects the fabric's sheen and drape, giving different silks their characteristic appearance.

Ply: The Number of Filaments Twisted Together

Ply refers to how many silk filaments are twisted together to make a single yarn.

- Single-ply silk is smooth, delicate, and lightweight.
- Multi-ply silk combines two or more filaments, creating a stronger, more textured yarn.




Degumming: Removing Sericin

Freshly reeled silk contains sericin, a natural gum that coats silk fibers. The process of degumming removes sericin, enhancing the silk's softness, shine, and flexibility.

- Less degummed silk retains some stiffness and a muted sheen.
- Fully degummed silk appears smoother and shinier.

Degumming also affects how silk takes dyes and how it drapes, contributing further to the visual differences between silk types.


The diverse appearance of silk fabrics like Kora and Organza arises from a combination of fiber thickness (denier), the number of twisted filaments (ply), and the removal of natural gum (degumming). These factors determine the texture, luster, strength, and drape of the final silk fabric. Katan silk, as the resultant yarn of these processes, demonstrates how careful manipulation of fiber properties creates the luxurious variety and beauty that silk is known for.



PART: 1

Separated Matlab Kya?

I am a single mother, not ready to mingle, but once in a while, I chat with men on dating apps. A surprising number of them tell me they are 'separated.' In this first part, I set out to find what that word means. Many of the men, it seems, are still finding out themselves.





Shailaza Singh
Published Author, Poet and a YouTuber

'Married ho?'
'Are you?'
'Seperated.'
'Separated as in?'
'Ok. Where u live.'

I asked for his marital status. He asked for my pin code. In journalism school, we were told to observe people from a distance. Watch how they sit, how they talk, what their hands do when they lie. The medium has changed. Since 2014, I have watched from a distance on OkCupid, Gtalk, Boo, Hinge, Telegram and even Shaadi.com. I have not found anyone. I was not exactly looking. I was taking notes.

For this series, I went back through twelve years of those notes. I found exactly what I expected. And one thing I did not.

Somewhere at the back of my mind, I am still looking for the heroes of the romance novels, the ones who could finish a whole sentence before the heroine fainted. On the apps, the sentences arrive half-built. The spellings do not arrive at all.

Over the years, I have also made a scientific discovery that Darwin somehow missed. Men are far ahead of women in evolution. A woman finishes one chapter of her life, closes the book, and only then thinks about the next one. A man opens the next chat window while the first one is still showing 'typing....' The first one, usually, is his wife, asking what he wants for dinner. It seems I was the next window.

No Name Required

The gentleman who wanted my pin code had a profile picture of a brand new black SUV with a big red ribbon on the bonnet, and him standing beside it like a proud father outside the labour room.

Introduction: a professional, VP, Projects with an MNC.

My name was not required. The SUV had been introduced to me more formally than he had.

Then came 'seperated.' I noticed the spelling. I let it go. Twenty years of red pens behind me, and I let it go. That is how off duty I was.

'I am asking you. Separated matlab?'

'Seperated into legel divorce procedure undergoing.'

I read it three times. There is a divorce in it. There is a procedure. There are two spelling mistakes, which I am still letting go. Something is most definitely undergoing. What is undergoing, since when, and in which court, only God and his wife know. And I am not fully sure about his wife.

From here on, he is the VP of Undergoing.

Hindu law does make a couple live apart for a year before they can even file for a mutual divorce. So, 'separated' can mean anything from 'my marriage is over' to 'my wife has gone to her mother's for the summer holidays' or 'my wife is sleeping in the next room.'

Then came a long, formal message, signed off with: 'Wait for your reciprocation.'

Over the years, I have also made a scientific discovery that Darwin somehow missed. Men are far ahead of women in evolution. A woman finishes one chapter of her life, closes the book, and only then thinks about the next one. A man opens the next chat window while the first one is still showing 'typing....' The first one, usually, is his wife, asking what he wants for dinner. It seems I was the next window.



#KAHAN GAYAB HO?



Reciprocation! In all the romance novels I read under the blanket with a torch, not one hero ever asked the heroine for her reciprocation. He just kissed her and the chapter ended.

He did not know my name, and he was already waiting for an answer.

World Famous

Next came a man I will call Mr. Profile, who was deeply hurt when I asked if he was married.

'Why would I be married and be here! It says so on my profile.'

I apologised. He was very understanding. Then, he explained the whole world to me.

'Anyways, if a guy is married and still here, then even if you ask him about it, I don't think he'll have any qualms about lying!'

Wah! So, married men on these apps lie, and the proof that he was not one of them was his profile. Which he had written. Himself. Like the dhaba on the highway that calls itself 'World Famous' on its own board.

'Yes but pata chal jaata hai,' I told him.

'Hahaha! Kaise?'


'I have my ways to know.'

'Hmm.'

I could picture a browser history being cleared at the speed of light, and a wife in the next room asking, 'Kya hua?'

Already Taken

Once, I chatted with a man for days. We connected. I liked him, really liked him. And then, casually, he disclosed that he was married. We never met. The disclosure came only a few days late, like the blue ticks on a message I had sent the week before.



Since then, I have noticed a pattern. Every now and then, a man turns up who writes complete sentences. With verbs! My heart does a small dance. And then my journalist's nose starts twitching, because nine times out of ten, he turns out to be married.

So, I spend half my life complaining that men cannot hold a conversation, and when one finally does, my first question is: where is his wife? A man who can talk has had practice. Somebody trained him. That somebody is usually at home.

And the tenth? I met him once. Single. Well read. Good to talk to. Then, he explained that he believed in polyamory. Three or four girlfriends at once. In my head, a film title started playing: Kis Kisko Pyaar Karoon. In 2015, Kapil Sharma made it a comedy. Now, it is a lifestyle. His character at least had the decency to hide his wives on different floors.

Why don't I start the conversation myself, you ask?

I do. I only have a few conditions.

If I send a paragraph, I expect a paragraph back. Just the same number of lines, give or take a 'lol.'

'Hmm' is not a reply. It is a sound. My fridge makes it all night, and at least, the fridge is keeping something fresh.

That is all. Paragraph for paragraph. After all, that is what equality means. Equal rights. Equal pay. Equal typing.

And there is one more reason I do not always start. In twelve years, the men have changed. The script has not. It is like the Ramleela in our mohalla. Every year, a new uncle plays Ravan, and every year, he says the same dialogues. I have seen this Ramleela twelve times. I know who wins.

Then, there are the honest ones. My profile says, in plain English, that married men are not welcome. They write anyway, to say they have read my profile, they are only looking for friendship, and I am welcome to block them if I wish. They read the line, and they pressed send anyway, the way people keep pressing a lift button that is already glowing.

Some add, 'I am quite lonely you see.' Lonely. With a wife at home.

I block them. Every single one.

Uncalled For Disclosure

And then, there was Mr. Honest. He told me he was divorced before I could even ask. He had just come back from court, where he had met his counsel about a case against an insurance company. And then, he apologised. 'Gave you uncalled for disclosure.'

Twelve years of men who were separated, half separated, and separated only on weekdays. And the one man who told me the whole truth said sorry for it.

Then, there are the honest ones. My profile says, in plain English, that married men are not welcome. They write anyway, to say they have read my profile, they are only looking for friendship, and I am welcome to block them if I wish. They read the line, and they pressed send anyway, the way people keep pressing a lift button that is already glowing.

Some add, 'I am quite lonely you see.' Lonely. With a wife at home.

I block them. Every single one.

Action Nahi Hai, Romance Hai

Then came the gentleman who opened with poetry of his own. 'Your smile is so lovely that it just want me to be a better man. Just to be the reason of it.' Two lines in, and I was already in charge of his character development.

I told him my pictures were all makeup. Whether it was makeup or not, he said, would be decided when we met in person. So, I would make him a better man, but only after he had kicked the tyres.

When I asked why he had never married, he did not give me an answer. He gave me a trailer.

'First is as always a girl and guy love story.'

'What?'

'In my story, action nahi hai, romance hai, comedy hai, tragedy hai.'

'Lol.'

'Affair with a girl but can't able to convert it into wedding. That's why. In one line I can tell you that.'

Five messages. To tell me he could tell me in one line.

Love On Day Two

And then, there are the men who are not looking to replace anybody. They are perfectly happy with the wife they have. They just want one more. Ek ke saath ek free, except nobody has asked the first one whether she has agreed to the scheme.

My aunt used to say that men like their own children and other people's wives. I have put her line at the top of this piece because in twelve years, I have not found one reason to disagree with her.

One man told me he loved me on the second day. When I asked about his life, he said that his wife was unwell, he had a three-year-old daughter, and he needed me. From hello to I love you, in one day. The next message, I suspect, would have been, 'Aata (flour) kahan rakha hai?'

A gentleman from Mumbai, at least, was clear about the package. 'I will give you everything you would ever need. You just come and stay with me.'

I asked him if he had a departmental store. He did not reply.

Update Pending

Then, I went to Shaadi.com, where people arrive with their parents' blessings, and found separated men there too. If the dating apps are a second-hand phone from the footpath, Shaadi.com is the same phone in a sealed box with a warranty card. There, the separated man fills in 'Awaiting Divorce' under marital status, like the 'update pending' notification that has been pending for three years.

So, after twelve years, I understood one thing. These men are never single. They are only ever update pending.

The next morning, at 7:18, my phone buzzed. It was the VP of Undergoing.

'Hi. Good morning,' he wrote.

And then came the second line.

To be continued...

rajeshsharma1049@gmail.com



#TERMS

Hobson-Jobson and the Politics of Language

Within this linguistic project lies a broader political story. Language in colonial contexts is never neutral, it is a site of power

The story of Hobson-Jobson is not just about language, it is a revealing window into empire, cultural encounter, and the politics of naming.

Published in 1886 by Henry Yule and Arthur Coke Burnell, Hobson-Jobson was a glossary of Anglo-Indian terms, words that emerged when British colonizers encountered the languages, customs, and everyday life of South Asia. At first glance, it appears to be a curious and even playful record of linguistic exchange. But beneath its surface lies a deeper story about power, misinterpretation, and cultural hierarchy.

The very title *Hobson-Jobson* encapsulates this dynamic. It is widely understood to be a British mishearing of "Ya Husain," a phrase chanted by Shia Muslims during mourning processions in the month of Muharram. These processions commemorate the martyrdom of Husayn ibn Ali at Karbala, an event of profound spiritual and historical significance in Islam. The rhythmic cries of "Ya Husain" were transformed in colonial ears into the nonsensical "Hobson-Jobson," stripping the phrase of its religious depth and reconstituting it as a quaint, almost comic sound.

This act of mishearing was not incidental, it reflects a broader pattern. The British in India frequently encountered unfamiliar sounds and linguistic structures, which they reshaped into forms that fit their own phonetic expectations. In Hobson-Jobson, Indian words were often filtered through an English sensibility that prized familiarity over accuracy. The result was a hybrid vocabulary that said as much about British perceptions as it did about Indian languages.




Interestingly, British observers sometimes delighted in what they perceived as the playful or rhythmic qualities of Indian speech. Reduplicative expressions like "chai-shai" or "gup-shup" (casual conversation) fascinated them. These forms, common in many South Asian languages, use repetition for emphasis or nuance. To British ears, they echoed the nursery rhyme rhythms of English phrases like "Humpty Dumpty." Yet, this appreciation was uneven and deeply condescending. While such expressions were occasionally admired for their charm, they were more often dismissed as childish, "silly," or evidence of linguistic inferiority.

This contradiction reveals the asymmetry of colonial attitudes. English linguistic play, nonsense rhymes, alliteration, and repetition, was celebrated as creativity. Indian linguistic forms, by contrast, were frequently labeled as uneducated or uncivilized. The same structural feature was judged differently depending on who used it.


The authority of Hobson-Jobson itself also invites scrutiny. Neither Yule nor Burnell was formally trained in modern linguistics as we understand it today. They were products of a colonial administrative and scholarly tradition that blurred the lines between governance and knowledge production. Their work was shaped by personal observation, anecdote, and the perspectives of the colonial elite. While undeniably valuable as a historical record, the dictionary also reflects the biases and limitations of its compilers.

Within this linguistic project lies a broader political story. Language in colonial contexts is never neutral, it is a site of power. To name something is to define it, and to define it is to exert control over how it is understood. By collecting, reshaping, and sometimes distorting Indian words, the British were not merely documenting a culture; they were reframing it within a framework that centered their own worldview.

The transformation of "Ya Husain" into "Hobson-Jobson" is emblematic of this process. A sacred utterance rooted in grief, devotion, and history became, in colonial discourse, a curious and exotic term. This shift illustrates how colonial language practices could detach words from their original meanings and embed them in new, often trivializing contexts.




THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman





मुझे लगता है कि अभी भी कुछ समय और लगेगा। निश्चित रूप से वह अपनी बॉलिंग को लेकर बहुत उत्सुक है। वह बॉलिंग के मामले में अपना रूटीन वर्क करता है। हम उसके लिए ज्यादा से ज्यादा मौके बनाने की कोशिश कर रहे हैं

पूर्व भारतीय खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



कगिसो रबाडा

अफ्रीकी टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा एक ऐतिहासिक कारनामा अपने नाम दर्ज कराने में कामयाब हो गए। रबाडा टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में 350 विकेट का आंकड़ा पूरा करने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के ही पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन के नाम पर था, जिन्होंने 14719 गेंदों में यह कारनामा किया था। वहीं कगिसो रबाडा 13808 गेंदों में 350 टेस्ट विकेट पूरा करने में कामयाब हो गए। जिसके साथ ही रबाडा ने अपने ही हमवतन खिलाड़ी डेल स्टेन का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ने में कामयाबी हासिल की।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय महिला बल्लेबाज़ी की जब भी बात होती है तो लोगों के ज़ेहन में मिताली राज, स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर के नाम आते हैं लेकिन वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाली दीप्ति शर्मा हैं।

द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 176 रन से हराया

3 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीती, हार्मर ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। साउथ अफ्रीका ने केपटाउन टेस्ट मैच के पांचवे दिन ऑस्ट्रेलिया को 176 रन से हरा दिया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों होम सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 288 रन का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में टीम 111 रन पर सिमट गई। साउथ अफ्रीका की जीत के हीरो ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर रहे। उन्होंने दूसरी पारी में 16 रन देकर 6 विकेट लिए। मैच में उन्होंने 10 विकेट रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। कगिसो रबाडा ने भी दूसरी पारी में 3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को शुरुआती झटके दिए।



ऑस्ट्रेलिया की खराब शुरुआत

288 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। कगिसो रबाडा ने पारी के पहले ही ओवर में मैट रेनशॉ और मार्नस लाबुशेन को आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने ट्रैविस हेड को भी पवेलियन भेजा। रबाडा ने अपने शुरुआती स्पेल में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने ट्रैविस हेड को आउट कर टेस्ट क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे किए। वे सबसे कम गेंदें फेंककर इस मुकाम तक पहुंचने वाले गेंदबाज बने।

कमिंस और लायन ने सबसे बड़ी साझेदारी की

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाथन लायन ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। उन्होंने कप्तान पैट कमिंस के साथ नौवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े। यह ऑस्ट्रेलिया की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही। कमिंस ने 90 गेंदों पर 11 रन बनाए। उन्हें हार्मर ने आउट किया। इसके बाद हार्मर ने हेजलवुड का विकेट लेकर मैच खत्म कर दिया।

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 429 रन बनाए थे

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 429 रन बनाए थे। जोश इंग्लिस ने 102 और एलेक्स कैरी ने 80 रन की पारी खेली थी। हार्मर ने पहली पारी में भी 4 विकेट लिए थे, जबकि मार्को यानसन ने 3 विकेट हासिल किए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 329 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 95 और एडेन मार्करम ने 78 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने 72 रन देकर 6 विकेट लिए।

हार्मर ने 6 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को समेटा

रबाडा के बाद साइमन हार्मर ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। उन्होंने एलेक्स कैरी और कूपर कॉनॉली को आउट किया।हार्मर ने 21.1 ओवर में 16 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 111 रन पर खत्म कर दी। यह उनके टेस्ट करियर का पहला 10 विकेट हॉल भी रहा।

मुल्डर और रिकल्टन के शतक से साउथ अफ्रीका ने वापसी की

दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका ने 387 रन बनाए। वियान मुल्डर ने 115 और रयान रिकलटन ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। टोनी डी जॉर्जी ने भी 62 रन बनाए। स्टार्क ने दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 288 रन का लक्ष्य रखा था।

साउथ अफ्रीका ने बरकरार रखा नंबर-1 का स्थान

इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली।

अय्यर ने ध्वस्त किया रोहित का रिकार्ड



नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों को अपने नाम करने के बाद इसे चौथे मैच में जारी रखने में कामयाब नहीं रह सकी और उसे 87 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया के कप्तान श्रेयस अय्यर ने चौथे टी20 मैच में टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था, जिसमें कीवी टीम ने 259 रनों का बड़ा स्कोर बना दिया जो टी20 इंटरनेशनल में अभी तक का भारतीय टीम के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर भी है। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम 172 रनों का स्कोर ही बनाने में कामयाब हो सकी। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर के बल्ले से 22 रनों की पारी देखने को मिली जिसके दम पर वह एक बड़ा कारनामा करने में कामयाब रहे और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को एक खास मामले में उन्होंने पीछे छोड़ दिया। श्रेयस अय्यर बने एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान: टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह पर भारतीय टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया था।

जयपुर जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशिप आज से 400 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण

जयपुर, 31 अक्टूबर। जयपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 1 और 2 नवंबर को एसएमएस स्टेडियम स्थित टेबल टेनिस हॉल में होगा। प्रतियोगिता के लिए अब तक करीब 400 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। चैंपियनशिप में नेशनल रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ियों सहित विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण जयपुर के वे चार खिलाड़ी होंगे, जिन्होंने पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णा माहेश्वरी एवं मानद सचिव सचित गुप्ता ने बताया कि खिलाड़ियों की बड़ी संख्या में भागीदारी जयपुर में टेबल टेनिस की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल प्रेमियों और अभिभावकों से प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। एसोसिएशन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।

अंडर-14 मानसून कप में द राजस्थान क्रिकेट अकादमी की बड़ी जीत



जयपुर, 31 अक्टूबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में द राजस्थान क्रिकेट अकादमी ने जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी को 192 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द राजस्थान क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में 5 विकेट पर 270 रन बनाए। दुष्यंत ने 77, वीर चौधरी ने 55 और अमान खोखर ने 47 रन की पारियां खेलीं। जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी की ओर से पीयूष ने 2 विकेट लिए। जवाब में जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी की टीम 28.2 ओवर में 78 रन पर सिमट गई। युवराज ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से दुष्यंत ने 3, जबकि लक्षित और आजाद ने 2-2 विकेट हासिल किए। दुष्यंत को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दौसा की अंडर-14 क्रिकेट टीम के चयन के लिए दो दिवसीय कैम्प शुरू

दौसा, 31 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की ओर से नवंबर में जयपुर में आयोजित होने वाली अंडर-14 स्टेट चैंपियनशिप के लिए जिला क्रिकेट संघ दौसा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत शनिवार से राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम में दो दिवसीय चयन कैंप शुरू हुआ। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि 25 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय ट्रायल में करीब 105 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनमें से 50 खिलाड़ियों को कैंप के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को आयोजित इस कैंप के बाद खिलाड़ियों की चार टीमें बनाकर चैलेंजर प्रतियोगिता कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अंतिम टीम चयन में खिलाड़ियों के अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के साथ पिछले दो वर्षों के खेल प्रदर्शन को भी आधार बनाया जाएगा। इसके बाद ही दौसा जिले की अंडर-14 टीम का चयन किया जाएगा।

यूथ कप अंडर-14 : अरावली क्लब ने के.एल. सैनी एकेडमी को हराया



जयपुर, 31अक्टूबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित यूथ कप अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मैच में अरावली क्लब ने के एल सैनी एकेडमी को 6 विकेट से हराया। आज प्रात: अरावली ग्राउंड पर के एल सैनी एकेडमी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव शर्मा के 27 रन, खुशबीर के 14 रन व दिव्यांश के 13 रनो से 37.1 ओवर में 101 रन बनाए। अरावली क्लब के लिए विराज बिंदल ने 6 पर 3, वेदिका सिंह ने 26 पर 2, अक्षित सोनी ने 18 पर 2, प्रखर गुप्ता, संजय सैनी ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में अरावली क्लब की टीम ने वेदिका सिंह 12 रन, विराज बिंदल के 12 रन, कुणाल के 35 रन नाबाद व रेहान के 13 रन नाबाद से 16.5 ओवर में 4 विकेट पर 102 रन बनाकर मैच जीत लिया। के एल सैनी एकेडमी के लिए भागवत के 12 पर 2 व शेखर ने 5 पर एक विकेट लिया।

राजस्थान स्टेट सब-जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन जयपुर में 1 से 6 तक

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में और जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के आयोजन में 'राजस्थान स्टेट सब-जूनियर (अंडर-15) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026' का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक जयपुर के वैशाली नगर एक्सटेंशन स्थित 'कडत्। मल्टी स्पोर्ट्स एरिना' (रंगोली गार्डन के पास) में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 1 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी। जिसमें बालक और बालिकाओं के एकल, युगल व मिश्रित युगल मुकाबले आयोजित होंगे। शनिवार की शाम क्वालिफाईंग मैचो का ड्रा डाला गया। रविवार से क्वालिफाईंग मैच सुबह 8 बजे से शुरू होंगे। आयोजन समिति के सचिव दिनेष कुमार यादव ने बताया कि इस आयु वर्ग में पहली बार रिकॉर्ड 700 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए कुल 1,50,000/- की पुरस्कार राशि राजस्थान बैडमिंटन संघ के नियमों के अनुसार प्रदान की जाएगी। राजस्थान बैडमिंटन संघ के मानद सचिव के.के. शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का पर्यवेक्ष जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत को बनाया गया है। इस चैंपियनशिप के आधार पर राजस्थान अंडर-15 बैडमिंटन टीम का चयन किया जायेगा। जो आगामी सब-जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप जो 30 नवंबर से 5 दिसंबर 2026 तक बैंगलोर, कर्नाटक में खेलेगी।

जुरेल के नाबाद 99 रन से इंडिया-ए ने पहले दिन बनाए 291/7

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ शनिवार को दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के पहले दिन इंडिया-ए ने 7 विकेट पर 291 रन बनाए। क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल 99 रन बनाकर नाबाद हैं। देवदत्त पडिक्कल ने 80 रन बनाए, जबकि साई सुदर्शन ने 41 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड- के तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने 50 रन देकर 4 विकेट लिए।

160 रन पर 6 विकेट गिरने के बाद जुरेल ने संभाली पारी: इंडिया- की पारी एक समय मुश्किल में थी। टीम ने 160 रन तक 6 विकेट गंवा दिए थे। दोपहर के सीजन में 6 गेंदों के अंदर 3 विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। ऐसे समय में जुरेल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने मानव सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सुथार ने 22 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद जुरेल ने आकाश दीप के साथ भी अच्छी साझेदारी की। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 69 रन जोड़े। जुरेल दिन का खेल खत्म होने तक 99 रन बनाकर नाबाद रहे। पिछले अनऑफिशियल टेस्ट की दोनों पारियों में 1 और 2 रन बनाने के बाद उन्होंने इस मुकाबले में शानदार वापसी की।

पडिक्कल ने बनाए 80 रन, साई सुदर्शन के साथ जोड़े 91 रन: देवदत्त पडिक्कल ने न्यूजीलैंड- के गेंदबाजों का सामना करते हुए 80 रन बनाए। उन्होंने 140 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए। पिछले अनऑफिशियल टेस्ट की दूसरी पारी में 199 रन बनाने वाले पडिक्कल ने इस मुकाबले में भी अच्छी बल्लेबाजी की। केएल राहुल की गैरमौजूदगी में पारी की शुरुआत करने उतरे बी साई सुदर्शन के साथ उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े। दोनों ने शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों की स्विंग का सामना करते हुए पारी को संभाला।

सिंधु हाइलो ओपन के फाइनल में

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में हमवतन अनमोल खरब को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सप्ताह फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज अनमोल को 32 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-13, 21-16 से शिकस्त दी। सिंधू के सामने फाइनल में डेनमार्क की लाइन होयमार्क क्येरेफेल्ट की चुनौती होगी। क्येरेफेल्ट ने एक घंटे 22 मिनट तक चले अन्य सेमीफाइनल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 8-21, 21-19, 28-26 से हराया। उन्नीस वर्षीय अनमोल अपने करियर में दूसरी बार सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। इससे पहले उन्होंने पिछले साल आर्कटिक ओपन के अंतिम चार में जगह बनाई थी। दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच इससे पहले 2024 में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल में मुकाबला हुआ था जिसमें सिंधू ने सीधे गेम में जीत दर्ज की थी। सिंधू के आक्रामक खेल, नेट पर सटीक शॉट और विविधतापूर्ण स्ट्रोक के सामने अनमोल की एक नहीं चली। 2024 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य अनमोल अपनी अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाने में नाकाम रहीं। पहले गेम में सिंधू को अनमोल के लंबे शॉट को परखने में थोड़ी परेशानी हुई और कुछ अंक गंवाने के कारण युवा खिलाड़ी ने शुरुआती बढ़त बनाते हुए स्कोर 4-2 कर लिया।

रणजी ट्रॉफी : उत्तराखंड के खिलाफ मुकाबले के लिए राजस्थान की टीम घोषित

कार्तिक कप्तान और कुणाल उपकप्तान बने

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने रणजी ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले के लिए राजस्थान सीनियर टीम की घोषणा कर दी है। देहरादून में 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड के खिलाफ खेले जाने वाले इस मुकाबले में कार्तिक शर्मा टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि कुणाल सिंह राठौड़ को उपकप्तान बनाया गया है। राजस्थान टीम इस प्रकार है : कार्तिक शर्मा (कप्तान), कुणाल सिंह राठौड़ (उपकप्तान), रोहन राजबार, सचिन यादव, राज शर्मा, महिपाल लोमरोड़, करण लांबा, अंशुल गढ़वाल, मुकुल चौधरी (विकेटकीपर), अजय कूकना, मोहित चांगड़ा, अनिकेत चौधरी, चेतन शर्मा, दानिश भांभू, साहिल दीवान।

गेंदबाज आकिब नबी प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती 3 वनडे मैच के लिए भी भारतीय टीम में चुने गए हैं। बीसीसीआई ने शनिवार को बताया कि आकिब को पहले चौथे और 5वें मैच के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया था, लेकिन अब वे सीरीज की शुरुआत से ही भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। एक दिन पहले प्रसिद्ध कृष्णा बाहर हुए: एक दिन पहले 30 अक्टूबर को प्रसिद्ध कृष्णा वनडे सीरीज से बाहर हुए थे। प्रसिद्ध जांघ की चोट (हैमस्ट्रिंग) से उबर रहे हैं। वे 30 सितंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में चोटिल हुए थे। नबी को कृष्णा का विकल्प माना जा रहा है। हलांकि, बोर्ड ने यह नहीं लिखा है कि नबी को कृष्णा की जगह टीम में लिया गया है। आकिब नबी ने एक महीने पहले 30 सितंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ गुवाहाटी में वनडे में डेब्यू किया था। हालांकि, उस मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था।

आरसीए अंडर-16 अभ्यास मैचों में वशिष्ठ और निलय के शानदार शतक, दोनों मुकाबले ड्रॉ





जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की ओर से आयोजित अंडर-16 अभ्यास मैचों के तीसरे एवं अंतिम दिन दोनों मुकाबले ड्रॉ समाप्त हुए। केएल सैनी स्टेडियम में टीम ए ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर टीम सी के खिलाफ मुकाबला अपने नाम किया, जबकि एम स्क्वायर ग्राउंड पर टीम बी ने टीम डी के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल की।

केएल सैनी स्टेडियम में टीम ए ने पहली पारी में 8 विकेट पर 340 रन बनाकर पारी घोषित की। वशिष्ठ शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 248 गेंदों पर 25 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 180 रन बनाए। जवाब में टीम सी ने कुमार वासुदेव के 154 गेंदों पर 101 रन की शतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट पर 337 रन बनाए।

दूसरी पारी में टीम ए ने 4 विकेट पर 195 रन बनाकर पारी घोषित की। वशिष्ठ शर्मा ने नाबाद 59, अमरनाथ सिंघा ने 57 और आदित्य यादव ने 51 रन बनाए। टीम सी ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 179 रन बनाए। विवेक बागड़ी ने 56, सुशांत बसनेत ने 54 और बृजेश यादव ने नाबाद 39 रन बनाए। टीम ए की ओर से लवमीत गुर्जर और साहिल खान ने 2-2 विकेट लिए।

एम स्क्वायर ग्राउंड पर टीम बी ने पहली पारी में 8 विकेट पर 370 रन बनाकर पारी घोषित की। निलय अरोड़ा ने 245 गेंदों पर 20 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 163 रन की शानदार पारी खेली।

जवाब में टीम डी की पहली पारी 211 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में टीम बी ने 4 विकेट पर 185 रन बनाकर पारी घोषित की। माधव गोपाल गौतम ने 94 और दिव्यांशु ने 45 रन बनाए। टीम डी की ओर से मनुराज ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम डी ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 203 रन बनाए। दैविक सोमानी ने नाबाद 108 और निश्छल शर्मा ने 61 रन बनाए। मुकाबला ड्रॉ रहा और टीम बी को पहली पारी की बढ़त मिली।

अंडर-23 महिला टी-20 अभ्यास मैच रद्द : वहीं, आरसीए अकादमी में टीम बी और टीम सी के बीच प्रस्तावित अंडर-23 महिला टी-20 अभ्यास मैच आउटफील्ड गीली होने के कारण बारिश के चलते रद्द कर दिया गया।

पैरा एशियन गेम्स के पदक विजेताओं से मिले खेल मंत्री राठौड़, जल्द मिलेगी नकद पुरस्कार राशि



जयपुर, 31 अक्टूबर। पैरा एशियन गेम्स-2026 में पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले राजस्थान के खिलाड़ियों से शनिवार को युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। खेल मंत्री ने कहा कि प्रत्येक पदक के पीछे खिलाड़ियों का असाधारण अनुशासन, संघर्ष और वर्षों की कड़ी मेहनत होती है। इन खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धियों से भारत का मान बढ़ाने के साथ ही अनेक लोगों को प्रेरित किया है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि राजस्थान सरकार सभी पदक विजेताओं को राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियमों के तहत शीघ्र नकद पुरस्कार राशि प्रदान करेगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण, आधुनिक खेल उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

इस अवसर पर खेल मंत्री ने पैरा शूटिंग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली जयपुर की मोना अग्रवाल, एक कांस्य पदक विजेता अजमेर की सृष्टि अरोड़ा, पैरा बैडमिंटन में एक रजत और एक कांस्य पदक जीतने वाले जयपुर के कृष्णा नागर, पैरा एथलेटिक्स भाला फेंक में रजत पदक विजेता दूदू के महेंद्र गुर्जर, गोला फेंक में कांस्य पदक विजेता धौलपुर के प्रवीण शर्मा तथा हाई जंप में रजत पदक जीतने वाले चूरू के बंटी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान युवा मामले एवं खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, परिषद के सचिव राजकेश मीणा, खेल अधिकारी करण सिंह शेखावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

टीम यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स बनी इंटरनेशनल जूनियर पोलो मैच 2026 की विजेता

जयपुर, 31 अक्टूबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शनिवार को नाइट पोलो में इंटरनेशनल जूनियर पोलो मैच 2026 का आयोजन किया गया। इस दौरान टीम जयपुर जूनियर, यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स और यूनाइटेड किंगडम लायंस के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें टीम यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स विजेता बनकर उभरी। पहला मुकाबला टीम जयपुर जूनियर और यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स के बीच खेला गया। जिसमें टीम यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स 5-2 के स्कोर से विजेता बनी। जिसके पश्चात, जयपुर जूनियर का मुकाबला टीम यूनाइटेड किंगडम लायंस से हुआ। इस मुकाबले में टीम जयपुर जूनियर ने 2-1 के स्कोर से टीम यूनाइटेड किंगडम लायंस को शिकस्त दी। वहीं, आखिरी मुकाबले में टीम यूनाइटेड किंगडम लायंस और यूनाइटेड किंगडम



जूनियर्स का आमना-सामना हुआ। यह मुकाबला दोनों टीमों के बीच 2-2 के स्कोर पर ड्रॉ के साथ खत्म हुआ। प्रत्येक मैच 2 चक्कर के आयोजित हुए। अंत में तीनों टीमों के कुल अंकों के आधार पर ओवरऑल विजेता का फैसला किया गया। टीम जयपुर जूनियर टीम में अयान अली, हर्षोदय सिंह, लक्ष्यराज सिंह राजावत और हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह शामिल रहे। वहीं, यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स टीम की ओर से जेम्स फॉल, फिन मार्टिन, विल्फ कॉपकट और विल एमर्सन मैदान में उतरे। जबकि, टीम यूनाइटेड किंगडम लायंस टीम में अखिलीज नंदल, एडवर्ड चेनी, अथर्व सिंह चौहान और मारियानो डार्रिचों खेले।

रोबिन उथप्पा मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच बने

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोबिन उथप्पा मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच बनाए गए हैं। उनके अलावा, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल मैक्लेनाघन को बॉलिंग कोच, टी. दिलीप को फील्डिंग कोच और धवल कुलकर्णी को डेवलपमेंट बॉलिंग कोच बनाया गया है।

टीम ने मिनी ऑक्शन से पहले शुक्रवार को कोचिंग स्टाफ में बदलाव का ऐलान किया। उसने कुछ दिन पहले कीरोन पोलार्ड को हेड कोच बनाया था। मुंबई को पिछले 6 साल से ट्रॉफी का इंतजार है। टीम 2020 में पिछली बार चैंपियन बनी थी। 2027 के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन 16 दिसंबर को गोवा में होगा। इससे पहले सभी टीमों को 15 नवंबर तक अपने रिटेन और रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। रोबिन उथप्पा 2008 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं, जबकि मिचेल मैक्लेनाघन ने 2015 से 2020 तक टीम का हिस्सा रहे। उथप्पा अब बैटिंग कोच के तौर पर बल्लेबाजों की तकनीक और मैच के दौरान रणनीति बनाने पर काम करेंगे।

महारानी कॉलेज में अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



जयपुर, 31 अक्टूबर। विश्वविद्यालय महारानी महाविद्यालय, जयपुर में आयोजित विश्वविद्यालय राजस्थान की अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का दो दिवसीय आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 7 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन 30 अक्टूबर को फर्स्ट इंडिया न्यूज़ के निदेशक वीरेंद्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. नूपुर माथुर भी उपस्थित रहीं।चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि राम कुमार, ध्यानचंद पुरस्कार, महाराणा प्रताप पुरस्कार एवं रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित तथा भारतीय रेलवे में वरिष्ठ खेल अधिकारी, उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय महारानी महाविद्यालय, जयपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कनोडिया गर्ल्स कॉलेज ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. नूपुर माथुर एवं खेल समन्वयक डॉ. जितेंद्र सिंह के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन की सराहना की गई। प्रतियोगिता की आयोजन सचिव डॉ. चेतना चौधरी ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी प्रशिक्षकों, टीम मैनेजरों, तकनीकी अधिकारियों, निर्णायकों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

विशेष योग्यजनों के सपनों को साकार करने में सरकार बनेगी सारथी : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने युवा संवाद में कहा ''सम्मान, स्वावलंबन और समान अवसरों से सशक्त होंगे विशेष योग्यजन''

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। राज्य सरकार विशेष योग्यजनों को सम्मान, स्वावलंबन और समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार उनके सपनों को साकार करने में सारथी बनेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को ''सपनों की उड़ान-असंभव कुछ भी नहीं'' कार्यक्रम के तहत विशेष योग्यजन युवा संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए सुगम्य भारत अभियान से दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन मिला है। प्रदेश में समान अवसर नीति-2025 लागू की गई है और 2.71 लाख यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए हैं। आवासीय संस्थानों में मैस भत्ता बढ़ाकर 3250 रुपये प्रतिमाह किया गया है। वहीं, साढ़े 5 लाख विशेष योग्यजनों को 1350 रुपये मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष 2500 स्कूटी और दो वर्षों में 44 हजार सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। अनुजा निगम के माध्यम से सात हजार लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। विशेष योग्यजन पेंशन के साढ़े 5 लाख से अधिक लाभार्थियों को 75 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि डीबीटी से हस्तांतरित की गई।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को ''सपनों की उड़ान-असंभव कुछ भी नहीं'' कार्यक्रम में विशेष योग्यजेन युवाओं को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1.93 लाख सरकारी नियुक्तियां दी गई हैं, 1.18 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती जल्द शुरू होगी। पांच लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है तथा 3.70 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया

- **5.5 लाख से अधिक लाभार्थियों को 75 करोड़ रुपये से ज्यादा पेंशन डीबीटी, खिलाड़ियों और समाजसेवी डी.आर. मेहता का सम्मान मिलेगी**

गया है। मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में चार लाख लाभार्थियों को 1643 करोड़ रुपये दिए गए हैं। शर्मा ने बताया कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए 305 महाविद्यालयों में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रदेश में पांच हजार से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं और 65 आई-स्टार्ट लॉन्चपैड स्थापित किए गए हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए 17 नए खेलो इंडिया केंद्र शुरू किए गए हैं तथा 41 जिला मुख्यालयों पर 'एक जिला, एक खेल' योजना के तहत खेल अकादमियां संचालित हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पैरा खिलाड़ियों मोना अग्रवाल, सृष्टि अरोड़ा और कृष्णा नागर तथा विशेष योग्यजनों के सशक्तीकरण में योगदान के लिए पद्म भूषण डी.आर. मेहता का सम्मान किया। उन्होंने वन विभाग में नियुक्त पैरा खिलाड़ियों के स्थायीकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

दृष्टिबाधित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी मनु गर्ग ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में आत्मविश्वास और मेहनत का महत्व बताया। पैरालंपिक पदक विजेता मोना अग्रवाल ने संघर्ष के अनुभव साझा किए। डी.आर. मेहता ने विशेष योग्यजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और संस्थाओं के साझा प्रयासों पर जोर दिया। वीसी के माध्यम से उदयपुर की राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग खिलाडी सुनीता कुमारी और जैसलमेर के सामाजिक कार्यकर्ता सज्जन खां भी जुड़े। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता और अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विशेष योग्यजन युवा उपस्थित रहे।

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे प्ले स्कूल : वी. श्रीनिवास

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए

जयपुर,। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश के सभी आंगनबाडी केंद्रों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनके नवाचारों और कार्यों का संकलन प्रकाशित करने को कहा, ताकि अन्य कार्यकर्ता भी प्रेरित हो सकें।

मुख्य सचिव शनिवार को गांधीनगर स्थित आईसीडीएस निदेशालय में पोषण-2.0 और आंगनबाड़ी गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को नियमित केंद्रों का निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में शासन सचिव पूनम और निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया।

मुख्य सचिव ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और शाला पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में विभाग के नवाचारों की सराहना की। विशेष रूप से कैश प्लस मॉडल की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

उन्होंने बच्चों में विकासात्मक विलंब की शीघ्र पहचान के लिए मैदानी कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन करने तथा यूनिसेफ के सहयोग से डिजिटल प्रबंधन विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा, पोषण, भोजन, मातृत्व योजनाओं में पंजीकरण, वृद्धि निगरानी और गृह भ्रमण संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्य सचिव ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की और निदेशालय परिसर में पौधरोपण किया। बैठक में वित्तीय सलाहकार मनोज शांडिल्य, दीनानाथ बब्बल, अलका विश्नोई, नीतू राजेश्वर, सरोज ढाका सहित विभागीय अधिकारी तथा यूनिसेफ और आईपीई ग्लोबल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर पौधरोपण किया। इस मौके पर शासन सचिव पूनम और निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत भी मौजूद थे।

'अदालती आदेश के बाद भी आश्रित भाई को अनुकंपा नियुक्ति क्यों नहीं?'

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जलदाय विभाग में पदस्थापित रहे एईएन की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर उसकी जगह आश्रित भाई को अदालती आदेश के बावजूद अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर जल संसाधन विभाग के सचिव, मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश रोमिल जैन की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता एसजे मूथा ने अदालत को बताया कि उसका अविवाहित भाई रजत जैन झालावाड़ में एईएन था। उसका सडक़ दुर्घटना में निधन हो गया। जिस पर याचिकाकर्ता ने परिवार में अन्य कोई सक्षम आश्रित नहीं होने पर मृत भाई की जगह विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। विभाग ने उसका आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि अविवाहित भाई अनुकंपा नियुक्ति का पात्र नहीं है। इसे याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग के 28 अक्टूबर 2021 के परिपत्र के तहत आश्रित भाई भी अनुकंपा नियुक्ति का हकदार है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 18 मई को आदेश जारी कर राज्य सरकार व जलदाय विभाग को याचिकाकर्ता के आवेदन पर विचार कर चार सप्ताह में अनुकम्पा नियुक्ति देने के लिए कहा था, लेकिन पांच महीने बाद भी उसे नियुक्ति नहीं मिली है।

आम सूचना प्लॉट नंबर 82/530, ग्राउंड फ्लोर, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर, श्रीमती सरोज जैन पत्नी श्री राजेंद्र कुमार जैन द्वारा श्री सोहन सिंह शेखावत से क्रय किया था, सरोज जैन के स्वर्गवास उपरांत उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री कपिल कुमार जैन व श्री सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा इस प्लॉट का हक त्याग अपने भ्राता श्री जितेंद्र जैन एवं श्री महिपाल जैन के पक्ष मे किया गया । जिसका नाम हस्तांतरण भी राजस्थान आवासन मंडल द्वारा जारी कर दिया गया है, उक्त प्लॉट को बंधक कर बैंक ऑफ बड़ौदा प्रताप नगर शाखा जयपुर ऋण प्रदत्त कर रहा है, इस प्लॉट के स्वामित्व बावत किसी भी आमजन को आपत्ति या अधिकार हो तो शाखा कार्यालय को 10 दिवस मे सूचित करें अन्यथा बंधक कर लिया जाएगा।
शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, मो.- 8094018442

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या हमीदा पत्नी शौकत, उम्र 56 वर्ष, निवासी:- डी 56, संजय नगर, भट्टा बस्ती, शास्त्री नगर, जयपुर (राज0)-302016 है, मेरी अभिभाष्या के पुत्र जिशान अली व शाहबाज अली उनके कहने सुनने में नहीं है, इसलिये मेरी अभिभाष्या ने अपनी चल व अचल संम्पत्ति से अपने पुत्र जिशान अली व शाहबाज अली को बेदखल कर दिया है। जिशान अली व शाहबाज अली का उक्त अचल व चल सम्पत्तियों में कोई हक अधिकार नही होगा यदि कोई भी इसके साथ संव्यवहार करेगा वह स्वंय जिम्मेदार रहेगा। इसमें मेरी अभिभाष्या हमीदा की किसी भी प्रकार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।
(शफीक खान/मो. शादाब) एडवोकेट
दिनांक-29/10/2026 **मोबाइल-7062146347**


उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः** SNT-GSU-All-2026-27-04R; **कार्य का नामः** S&T work in Connection with-" Daurai-Conversion of platform no. 2 into island platform at Daurai station and extension of it towards Saradhna end, of Ajmer Division of NWR; **अनुमानित लागतः** Rs. 80,70,474.07; **Bid Security:** Rs. 1,61,500.00; **ई निविदा बन्द होने की तिथि व समयः** 23.11.2026 को 15:00 बजे; **ई निविदा खोलने की तिथि व समय** 23.11.2026 को 15:30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता–**www.ireps.gov.in** **1571-AM/26**
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

सर्विसेज
''एवरकूल रेफ्रिजरेशन''- फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयरकंडीशन, गीजर, माइक्रोवेव, टीवी, डीफ्रिज इत्यादि की सर्विसेज हेतु संपर्क करें- 9828559916, 22 गोदाम जयपुर

नाम परिवर्तन
मैने (नवीन वैध) अपनी पुत्री का नाम Bhumi Sharma से बदलकर Bhoomi Sharma रख लिया है। अत भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। पता-120/177, विजय पथ, मानसरोवर, जयपुर

I, hitherto known as Ekta D/O Ramesh Yadav, Resident of 93 Dhani Mohalla Mundanwara Kalan PO Mundanwara Kalan Dist., Alwar, Rajasthan- 301427, have changed my name and shall hereafter be known as Ekta Yadav It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में 1800 विद्वानों ने लिया भाग

-कार्यालय संवाददाता-

हरिद्वार । पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 52वां अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन संपन्न हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और भारतीय विद्वत् परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुए सम्मेलन में 26 राज्यों के करीब 1800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन पर 24 विद्वानों एवं शोधार्थियों को सम्मानित किया गया और 35 पुस्तकों का विमोचन हुआ। स्वामी रामदेव ने भारतीय पंचांग और विक्रम संवत को राष्ट्रीय जीवन में व्यापक रूप से अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण, क्षित्रय, वैश्य और शूद्र जातियां नहीं, बल्कि गुण और कर्म के प्रतीक हैं। आचार्य बालकृष्ण ने सम्मेलन में 'सनातन शास्त्र शुद्धि समिति' के गठन को ऐतिहासिक पहल बताया।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण को 'महामहोपाध्याय', साध्वी डॉ. देवप्रिया को 'महाआचार्या' और डॉ. शिवानी वी. को 'व्याकरण पण्डिता' सम्मान दिया गया।

डॉ. कविता होले सहित 24 शोधार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्रोफेसर अरुण रंजन मिश्रा को सम्मेलन का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने पतंजलि की शिक्षा और संस्कार व्यवस्था की सराहना की। सम्मेलन में पांच नए शोध विषय-वर्ग और तीन पुरस्कार श्रेणियां शुरू की गईं। 23 विषय-वर्गों में शोधपत्र प्रस्तुत हुए तथा 92 पुस्तक एवं प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए। कुलपति सम्मेलन में भारतीय ज्ञान प्रणाली को उच्च शिक्षा से जोड़ने पर भी मंथन हुआ।



- **समारोह में आचार्य बालकृष्ण को 'महामहोपाध्याय' सम्मान मिला**

राहुल गांधी भारत में भी बांग्लादेश जैसा ''सत्ता परिवर्तन'' चाहते हैं क्या?: जोशी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बांग्लादेश के युवाओं से प्रेरणा लेने और वहां हुए ''सत्ता परिवर्तन'' की बात करते हैं। सवाल है कि क्या कांग्रेस भारत में भी वैसी परिस्थितियां चाहती है, जहां हिंसा के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ और हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन का एकमात्र संवैधानिक रास्ता चुनाव है और लोकतंत्र देश की परंपरा व संस्कारों में है।

जोशी ने कहा कि देश में अब तक 12 बार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) हो चुका है, जिनमें 10 बार कांग्रेस का शासन था। एसआईआर का उद्देश्य मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और दोहरी प्रविष्टियों वाले नाम हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध करना है। उन्होंने बताया कि करीब 13 करोड़ नामों पर उठे सवालों में 2.80 करोड़ मृत, 6.30 करोड़ स्थायी रूप से स्थानांतरित और करीब 3 करोड़ अनुपस्थित या लापता मतदाताओं के नाम शामिल हैं। पात्र नागरिक फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। राजस्थान में करीब 13 लाख नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की जानकारी भी उन्होंने दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारने के बाद ईवीएम, निर्वाचन आयोग, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाती है। कर्नाटक में चार सीटों और देशभर में 28 सीटों पर हुए बैलेट पेपर चुनावों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

उन्होंने नवीन चावला, एम.एस. गिल और टी.एन. शेषन का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से पहले अपने इतिहास पर विचार करने की सलाह दी। जोशी ने कहा कि भारत ने पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2014 में करीब 260 स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या अब 2.40 लाख से अधिक हो गई है और इनसे 20 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के हालिया प्रदर्शन से व्यापारियों को करीब 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और त्योहारों के समय ऐसे विरोध से कारोबार प्रभावित होता है। उन्होंने सोनिया गांधी की नागरिकता से पहले मतदाता बनने और राजस्थान में कांग्रेस विधायक के बेटे जयप्रकाश पर दो स्थानों पर मतदाता बनने तथा फर्जी अदालती आदेश का मामला सामने आने का उल्लेख करते हुए कांग्रेस से जवाब मांगा। राहुल गांधी के नेतृत्व पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार उन्हें राजनीतिक रूप से आगे लाने का प्रयास कर रही है, लेकिन संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर काम जरूरी है। जोशी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की बात करना उचित नहीं है। जनता अपने मताधिकार से सरकार चुनने में सक्षम है। भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान इसी विषय पर जागरूकता का प्रयास है। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।



- **उन्होंने कहा ''भारत में सत्ता परिवर्तन का एकमात्र संवैधानिक रास्ता चुनाव है और लोकतंत्र देश की परंपरा व संस्कारों में है।''**

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांक-एफ()/न.नि.ज./मा.न.जोन/2026/3557 दिनांक:15/10/2026
सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-6, योजना स्कीम नं. 2 न्यू लाईट कोलोनी, जयपुर सोसायटी गृ.नि.स. समिति जयपुर का पट्टा विलेख जिसका क्षेत्रफल 494. 62 वर्गगज का श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री डॉ. दुर्गाशंकर शर्मा के नाम से दिनांक 19.02.2000 को जारी किया गया है। श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री डॉ. दुर्गाशंकर शर्मा का स्वर्गवास 01.01.2020 को एवं इनकी पत्नि श्रीमति मंजुला शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 30.01.2022 को हो गया है। भू पट्टेधारी श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री डॉ. दुर्गाशंकर शर्मा एवं इनकी पत्नि श्रीमति मंजुला शर्मा के स्वर्गवास पश्चात् जिवित वारिसान श्री आशिष शर्मा एवं श्री अभिषेक शर्मा आधे-आधे हिस्से के मालिक हुए। वारिसान श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा अपना अविभाजित आधा हिस्सा रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 11.07.2024 के द्वारा अन्य वारिसान भ्राता श्री आशिष शर्मा पुत्र श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा के हक मे निष्पादित किया गया है। आवेदक श्री आशिष शर्मा पुत्र श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 11.07.2024 के आधार पर भूखण्ड संख्या ए-6, योजना स्कीम नं. 2 न्यू लाईट कोलोनी, जयपुर क्षेत्रफल 494.02 वर्गगज का नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है। आवेदक के द्वार प्रस्तुत दस्तावेजो की छायाप्रति के आधार पर भूखण्ड संख्या ए-6. योजना स्कीम नं. 2 न्यू लाईट कोलोनी, जयपुर क्षेत्रफल 494.62 वर्गगज का नाम हस्तानान्तरण नगर निगम जयपुर के द्वारा श्री आशिष शर्मा पुत्र श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा के पक्ष मे किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी कार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर) मे प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 770/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि हेमलता डांगी, निवासी वार्ड नं. 18, आदर्श नगर बाइपास रोड, बंशिवाला महिला महाविद्यालय के पास लोसल, छोटी, सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत जनहित फाउंडेशन यूनिट नंबर-302, तीसरी मंजिल, अक्षत रिट्रीट वेलफेयर एंड मेंटेनेंस सोसाइटी, बी-7 सवाई राम सिंह रोड एसएमएस अस्पताल के सामने टोंक रोड जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 22.10.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.12.26
मोहर अदालत **सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर**

अपील की सुनवाई के लिये नियम दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायलय श्रीमान A.D.J. No-2 महोदय स्थान हिंडौन सिटी
1. कैलाश चंद विरुद्ध सुशीला ऊर्फ गुल्ली
अपील नं0 19 सन 2025 ..
के न्यायालय की तारीख...को की अपील
1. उमा पुत्री राधेश्याम पत्नी मनमोहन जाति ब्राह्मण निवासी-चटीकना करौली 2. ऊषा पत्नी स्व. जगदीश पुत्री राधेश्याम जाति ब्राह्मण निवासी - हाईकोर्ट कॉलोनी जोधपुर (राज.) 3. कलावती पत्नी स्वर्गीय राधेश्याम जाति ब्राह्मण निवासी- गीता टॉकीज के सामने, मढी मोहल्ला, हिंडौन सिटी 4. महेश पुत्र राधेश्याम जाति ब्राह्मण निवासी-गीता टॉकीज के सामने मढी मोहल्ला हिंडौन सिटी 5. लक्ष्मी देवी पत्नी सुरेश चंद पुत्री स्वर्गीय राधेश्याम जाति ब्राह्मण निवासी- हाई कोर्ट कॉलोनी क्वार्टर नंबर सी एच 01 के पास, जोधपुर 6. शांति पुत्री रामसहाय पत्नी रमेश चंद्र जाति ब्राह्मण निवासी -पावटा तहसील- महवा जिला- दौसा 7. छोटी पुत्री रामसहाय पत्नी निहाल सिंह जाति ब्राह्मण निवासी- कलसाडा तहसील- बयाना जिला- भरतपुर 8. कान्ता देवी पत्नी स्वर्गीय प्रकाश चंद पुत्री स्वर्गीय राधेश्याम जाति ब्राह्मण निवासी मकान नंबर 111 राजीव कॉलोनी महामंदिर जोधपुर 9. विमला पुत्री रामसहाय पत्नी गंगा लहरी जाति ब्राह्मण निवासी- टीआरडी कॉलोनी के सामने, सवाई माधोपुर। आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में...की डिक्री की अपील.. द्वारा उपस्थिति की गई इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता0 17 माह 11 सन 2026 नियत की गई है।यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी। यह आज तारीख 27 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायलय की मुद्रा लगाकर दी गईं।
मुहर आज्ञा से- सीनीयर रीडर, अपार जिला एवं सेशन न्यायाधीश-2 हिंडौनसिटी (करौली)

'झूठे नेरेटिव वॉर को काउंटर करना होगा, फर्जी इकोसिस्टम से सतर्क रहने की जरूरत'

''जयपुर डायलॉग्स-2026'' में शनिवार को रक्षा विशेषज्ञ, साहित्यकार और पत्रकार सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बेबाकी से अपनी राय रखी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राष्ट्रवादियों के महाकुंभ ''जयपुर डायलॉग्स-2026'' में शनिवार को दूसरे दिन डेढ़ दर्जन से अधिक सत्रों में रक्षा विशेषज्ञ, साहित्यकार और पत्रकार सहित विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों ने अपनी बेबाक राय रखी। इस दौरान भारत और पडौसी मुल्क, न्यू साउथ एशिया आर्डर सत्र में कर्नल अजय रैना, लेखक जनरल डीपी पांडे, मेजर जनरल राजीव नारायणन, मेजर गौरव आर्य, कर्नल आरएसएन सिंह और आदि अचिंत ने द्वीपक्षीय संबंधों, देशों और नेरेटिव वार पर अपनी राय रखी और श्रोताओं के सवालों के जवाब भी दिए।

वक्ताओं ने कहा कि, सोशल मीडिया पर धीरे-धीरे जहर परोसा जा रहा है और नए-नए नेरेटिव गढ़े जाते हैं। विरोधियों के मंसूबे देश में उथल-पुथल मचाने के हैं, लेकिन हमें एकजुट और सतर्क रहना होगा। हमारा लक्ष्य राष्ट्रहित में संगठित रहने का होना चाहिए। नए-नए पैंतरों से बचते हुए हमें अपने राष्ट्रवादियों/हीरोज को पहचानना होगा। ऐसा होने पर ही आगामी 5-10 साल भारत इससे उबर जाएगा।

तीसरे सत्र में सोशल मीडिया में नेरेटिव वार तथा लुटियंस मीडिया विषय पर अशोक श्रीवास्तव, आनंद नरसिम्हन, सुशांत सिंह सुशांत सिन्हा, हर्ष कुमार और प्रकाश श्रीवास्तव ने 2014 और उसके बाद की स्थितियों पर अपनी राय व्यक्त की। इस सत्र का संचालन अभिषेक तिवारी ने किया। वक्ताओं का कहना था कि सोशल मीडिया एक अनगाइडेड मिसाइल की तरह है जिसे विरोधीयों ने अपना हथियार बनाया। उनका कहना था कि नेरेटिव की परिभाषा बदली है । वीडियो आप डेमोक्रेटिक हो गया है जो पहले कभी नहीं रहा। वर्ष 2014 के बाद सही को बर्दाश्त करने में परेशानी होने लगी है। बदलाव को लोग न्यू नॉर्मल मानते हैं। उनका कहना था कि नॉरेटिव की लडाई चलती रहेगी सच बताने के लिए कीमत चुकानी पडती है इसमें पब्लिक का योगदान बहुत जरूरी है। लुटियंस मीडिया आज भी जिंदा है और ताकतवर होकर सिस्टम में घुस गया है। लेकिन 2014 के बाद उनकी दाल गलना बंद हो गई है। नॉरेटिव से लड़ने के लिए हमें रणनीतिक रूप से तैयार रहना होगा।

मुख्य हाल में चौथे और अंतिम सत्र में उभरते से भारत को कानूनी प्रणालियों के जरिए रोकने की रणनीति में तहसीन पूनावाला, अनुपम मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट की वकील अमिता सचदेवा, विजय सरदाना, मकरंद आदकर और धीरेंद्र पुंडीर ने राष्ट्रीय राजनीति, सामाजिक परिवर्तन और विरासत और सभ्यतागत संस्कृति पर विचार रखे। हिंदू लीगल एड वेबसाइट को लांच किया गया। इसके माध्यम से हिंदू हितों की कानूनी लड़ाई लडी जानी है। इस दौरान इको सिस्टम से लड़ने और विरोधी को नुकसान पहुंचाने से रोकने या राजनीतिक/रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए कानूनी प्रणालियों और अदालतों का एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने पर विस्तार से चर्चा की गई।



''जयपुर डायलॉग्स-2026'' में शनिवार को दूसरे दिन डेढ़ दर्जन से अधिक सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने चर्चा की।

- **वक्ताओं ने कहा कि, सोशल मीडिया पर धीरे-धीरे जहर परोसा जा रहा है और नए-नए नेरिटिव गढ़े जाते हैं। विरोधियों के मंसूबे देश में उथल-पुथल मचाने के हैं, लेकिन हमें एकजुट और सतर्क रहना होगा।''**

वक्ताओं ने आर्थिक, रणनीतिक और वैश्विक स्तर पर मजबूत होते भारत को कानूनी चुनौतियों से निपटने पर बेबाक विचार व्यक्त किए। मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया।

गन, गाना और गैंगस्टर, बदलनी है पंजाब की पहचान

''कुछ पॉलीटिकल- उत्तर प्रदेश पंजाब'' सत्र में चर्चा करते हुए अंकुर आर्य, ओंकार चौधरी, अभिषेक तिवारी और हर्ष कुमार ने कहा कि देश की सरहद के निकटवर्ती राज्य सुरक्षित है। ऐसे में दुश्मन देश के एजेंट्स ने पंजाब को कमजोर राज्य मानकर नशा और धर्मांतरण का जाल फैलाया है। लिहाजा गुजरात, राजस्थान, हरियाणा के बाद अब पंजाब में भी भाजपा पैर जमाएगी। ड्रोन से ड्रग्स, ड्रोन से हथियार और धर्मांतरण, जो पंजाब में आमजन के लिए चुनौती बन गया है वहां की जनता ने उसे उखाड फेंकने का मन बना लिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने नशे को जड से उखाड़ने का संकल्प लिया है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा भले ही पंजाब में ना जीत पाए, लेकिन सबसे अधिक सीटें जीतने वाली सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बनेगी।

योगी बनाम अखिलेश (यूपी ओपिनियन)

सत्र में चर्चा करते हुए शांतनु गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव और अवनीश पी एन शर्मा ने कहा कि योगी ने उत्तर प्रदेश को निवेशकों के लिए सुरक्षित बनाया। इसके लिए हिस्ट्रीशीटर्स का एनकाउंटर किया। कुछ हिस्ट्रीशीटर शहर छोड़ कर भाग निकले, वहीं जो जेल में थे उन्होंने जमानत करवाने से इनकार कर दिया। योगी सरकार ने प्रदेश में 70 हजार एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया है। इनमें कानपुर में रेलवे और सेना की भूमि भी शामिल है।

वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष और दूसरे समुदाय ने उत्तर प्रदेश में योगी के खिलाफ नेगेटिव नैरेटिव चलाया। कभी अजय बिष्ट कहकर योगी को बाहरी बताया, तो कभी चिलम बाबा कहा। वहीं, मोदी-योगी और योगी-शाह की लडाई दिखाकर नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया।

हालत बदले हैं, लेकिन अभी भी बहुत अच्छे नहीं हुए हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव में भीतरघात से सतर्कता बरतनी होगी।

सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया- भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी ने ''रन फॉर यूनिटी'' को हरी झंडी दिखाई

जयपुर, 31 अक्टूबर। केन्द्रीय शिक्षा, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री प्रहलाद जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर जयपुर में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रहलाद जोशी ने कहा कि आज हम जिस 'एक भारत' को देख रहे हैं, उसके पीछे सरदार पटेल के कुशल नेतृत्व और अथक परिश्रम का ऐतिहासिक योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। वहीं, राजस्थान के निर्माण में भी उनके योगदान को हमेशा याद किया जाना चाहिए। सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए गुजरात के केवडिया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थापित की गई है, जो राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और एकता के संकल्प का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प, अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। हमारी भाषाएं-परम्पराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारी राष्ट्रीय पहचान एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि सरदार पटेल के सपनों का सशक्त भारत युवाओं के सहयोग से बन सकता है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर जयपुर में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल हुए।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ''रन फॉर यूनिटी'' में उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, महापौर सुनील कोठारी, उपमहापौर, मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर नौजवान को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी भर्तियां, आधुनिक खेल सुविधा और कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवा रही है।

प्रदेश में 3 लाख 70 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 4 लाख लाभार्थियों को 1 हजार 643 करोड़ की राशि युवा संबल योजना के तहत वितरित की गई है। ''एक जिला-एक खेल'' योजना और ''खेल जीवन बीमा योजना'' लॉन्च की गई हैं। 2028 ओलम्पिक के लिए विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु 'मिशन ओलम्पिक-2028' शुरू किया है। इसके लिए 20 करोड़ की लागत से सेंटर फॉर एक्सलेंस स्थापित किया जा रहा है।

''रन फॉर यूनिटी'' में कई पदक विजेता खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद मदन राठौड, मंजू शर्मा, महापौर सुनील कोठारी, उप महापौर सरोज कंवर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

नाराज़ विधायकों ने फारूख अब्दुल्ला को पत्र लिखा

श्रीनगर, 31 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर नाराजगी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। इसी बीच खबर है कि पार्टी के कुछ विधायकों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला को व्हाट्सएप के जरिए अपनी मांगों की एक सूची भेजी है। बताया जा रहा है कि इस सूची में मुख्यमंत्री के सलाहकार को हटाने और जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करवाने के लिए ठोस कदम उठाने जैसी मांगें शामिल हैं।

- उन्होंने अपनी मांगों की सूची नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष को भेजी।

जानकारी के मुताबिक, हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के बंटवारे के बाद पार्टी के कुछ विधायकों में असंतोष की चर्चा है। इसी सिलसिले में विधायकों ने अपनी चिंताओं और मांगों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि विधायकों की नाराजगी केवल मंत्री पद नहीं मिलने तक सीमित नहीं है बल्कि सरकार के कामकाज और कुछ फैसलों को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार विधायकों ने अपनी मांगों में मुख्यमंत्री के सलाहकार को पद से हटाने का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की दिशा में पार्टी और सरकार से अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की मांग की गई है।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की छठी मंजिल से कूदी एमबीए छात्रा की मौत

तेईस वर्षीय यशस्वी रोहिल्ला पढ़ाई में होशियार थी व कुछ दिन पहले ही उसका प्लेसमैंट हुआ था

जयपुर, 31 अक्टूबर। शिवदासपुरा थाना क्षेत्र स्थित पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में शनिवार सुबह एमबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा यशस्वी रोहिल्ला (23) ने छठी मंजिल से कूदकर जान दे दी। वह गुर्जर की थड़ी क्षेत्र के प्रेम नगर की रहने वाली थी। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

- छात्रा का मिड सैमेस्टर का पेपर था। परीक्षा से पहले वह साथियों से सामान्य रूप से बात कर रही थी। मोबाइल कक्षा में छोड़ कर वह छठी मंजिल पर गई और नीचे कूद गई।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि शनिवार सुबह छात्रा का मिड सेमेस्टर का पेपर था। परीक्षा शुरू होने से पहले वह कक्षा में अपने साथियों से सामान्य रूप से बातचीत कर रही थी। साथियों के अनुसार, वह वॉशरूम जाने की बात कहकर बाहर निकली। इस दौरान उसने किसी को फोन किया और फिर लौटकर अपना मोबाइल कक्षा में छोड़ दिया। इसके बाद वह छठी मंजिल पर चली गई। कुछ विद्यार्थियों ने उसे छत पर देखा और बचाने के लिए दौड़े, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही वह नीचे कूद गई। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

विश्वविद्यालय स्टाफ ने तत्काल उसे अपने आपातकालीन वाहन से महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की छुट्टी कर दी और शनिवार को होने वाली परीक्षा भी स्थगित कर दी।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रबंध निदेशक राहुल सिंधी के अनुसार, यशस्वी पढाई में होशियार थी और कुछ दिन पहले ही उसका नौकरी के लिए चयन हुआ था। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता, राकेश गुप्ता ने बताया कि सुबह 9:45 बजे एमबीए सेमेस्टर की परीक्षा होनी थी। परीक्षा हॉल में जाने से पहले छात्रा के पास फोन आया था। इसके बाद क्या हुआ, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। छात्रा का मोबाइल और बैग पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मोबाइल की जांच और अन्य पहलुओं के आधार पर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों की ओर से फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

यशस्वी के रिश्तेदारों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि छत तक पहुंचने से रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था होनी चाहिए थी। उन्होंने हाल में सामने आए स्कूल सुरक्षा से जुड़े मामलों के बाद जारी दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए, परिसर की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए।

हेलीकॉप्टर हादसे में मृतकों के शरीर निकालने के प्रयास जारी

ज्योतिर्मठ, 31 अक्टूबर। उत्तराखंड के चमोली जिले में ज्योतिर्मठ के समीप शुक्रवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत के बाद शनिवार को भी घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। दुर्घटनास्थल दुर्गम और ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण राहत एवं बचाव दलों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी छह लोगों के पार्थिव शरीरों को सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

- दुर्घटना स्थल दुर्गम एवं ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण राहत दलों को कठिनाइओं का सामना करना पड़ रहा है।

जिला प्रशासन के अनुसार, भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), पुलिस, वन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें पांडुकेश्वर की ओर से कठिन पहाड़ी रास्तों पर पैदल चढ़ ाई कर घटनास्थल तक पहुंच गई हैं। टीमें सभी छह मृतकों के पार्थिव शरीरों को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई में जुटी हैं।

रेस्क्यू अभियान को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए आसपास के ऊंचाई वाले गांवों की ओर से वैकल्पिक पैदल मार्गों की भी तलाश की जा रही है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और मौसम की चुनौतियों के बीच, अभियान में जुटे जवानों एवं अन्य कार्मिकों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

एयर चीफ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुशल लड़ाकू विमान चालक और परीक्षण पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना को महत्वपूर्ण योगदान दिया। वायु सेना प्रमुख के रूप में उनके कार्यकाल में परिचालन क्षमता बढ़ाने और हर परिस्थिति में प्रभावी कार्रवाई के लिए बल को तैयार रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।

दिल्ली: शीतकालीन प्रदूषण पर विशेष प्रतिबंध एक नवम्बर से

पर्यावरण विभाग ने प्रतिबंध सख्ती से लागू करने के लिये सभी एजेन्सियों को निर्देश दिये

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। दिल्ली में बढ़ ते शीतकालीन वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए एक नवंबर से विशेष प्रतिबंध लागू होने जा रहे हैं। दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने इन प्रतिबंधों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली हैं।

- एक नवम्बर से 31 जनवरी तक सरकारी व निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति तथा शेष कर्मचारियों के लिये वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू रहेगी।

परिवहन विभाग, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), नगर निगम तथा अन्य संबंधित एजेंसियों को सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने यह जानकारी एक विज्ञप्ति के जरिए शनिवार को दी है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, एक नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस तथा उससे पुराने उत्सर्जन मानकों वाले मोटर वाहनों के दिल्ली में परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों, एम्बुलेंस, अग्निशमन, पुलिस तथा अन्य अधिसूचित छूट प्राप्त वाहनों को इससे छूट रहेगी। बाहरी निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध, एक नवंबर से 31 जनवरी तक धूल उत्पन्न करने वाली सभी विध्वंस एवं बाहरी सिविल निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। आवश्यक सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को निर्धारित शर्तों के अधीन छूट रहेगी।

निर्माण स्थलों के भीतर फिनिशिंग, प्लंबिंग एवं इलेक्ट्रिकल जैसे कार्य धूल नियंत्रण मानकों का पालन करते हुए किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त, 10 दिसंबर से 20 जनवरी तक, निर्धारित अपवादों को छोड़कर, सभी निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एक नवंबर से 28 फरवरी तक दिल्ली के अधिकृत पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क दोगुना होगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के स्वामित्व एवं प्रबंधन वाले पार्किंग स्थल इससे मुक्त रहेंगे। एक नवंबर से 31 जनवरी तक सरकारी एवं निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति तथा शेष कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू होगी।

आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं को निर्धारित छूट रहेगी। यातायात का दबाव कम करने के लिए दिल्ली नगर निगम के कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक तथा दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक संचालित होंगे।

कांग्रेस 4 नवम्बर से पंजाब चुनाव अभियान शुरु करेगी

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि कांग्रेस 4 नवंबर को संगरूर में रैली के साथ पंजाब विधानसभा चुनाव का अभियान शुरू करेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस रैली में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने पर चन्नी ने कहा कि पार्टी ने पुराने उम्मीदवारों के नाम ही दोहराए हैं। इसमें कुछ नया नहीं है।

- संगरुर में इसके लिए चुनावी रैली होगी जिसमें राहुल गांधी भी भाग लेंगे।

चन्नी ने शनिवार को दिल्ली में विपक्षी इंडिया गठबंधन की मॉक पार्लियामेंट में शामिल होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 4 नवंबर को संगरूर से चुनाव अभियान की शुरुआत करेगी और राहुल गांधी भी रैली में शामिल होंगे।

आम आदमी पार्टी की उम्मीदवारों की पहली सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए चन्नी ने कहा कि सूची में पुराने उम्मीदवारों के नाम दोहराए गए हैं। इसमें कुछ नया नहीं है।

पंजाब में आप ने पहली प्रत्याशी लिस्ट जारी की

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान एकबार फिर धूरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह जानकारी भगवत मान ने ही शनिवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक के बाद दी।

भगवंत मान ने अपनी उम्मीदवारी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए पत्रकारों से कहा, ''मैं आपको इतना बता दूं कि इस (उम्मीदवारों की) सूची में मेरा नाम भी है, और मैं धूरी से चुनाव लड़ रहा हूं।'' इस बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्य प्रभारी मनीष सिसोदिया मौजूद रहे।

दस नवम्बर को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुताबिक, तथ्यों की जांच से जुड़ी चर्चाओं के बाद एक विशेष मुद्दे पर गतिरोध पैदा हो गया था। इसके बाद हार्परकॉलिन्स ने पुस्तक के प्रकाशन की जिम्मेदारी संभाल ली। पिछले दो दशकों में कई भारतीय राजनीतिक नेताओं ने अपनी आत्मकथाएं और संस्मरण प्रकाशित किए हैं। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कई खंडों में अपनी आत्मकथा लिखी। उनकी पुस्तकों में 'द ड्रमैटिक डिकेड', 'द टर्बुलेंट इयर्स', 'द कोएलिशन इयर्स' और 'द प्रेसिडेंशियल इयर्स' शामिल हैं। इनमें 1970 के दशक से लेकर बाद के वर्षों की राजनीतिक घटनाओं के अंदरूनी विवरण दिए गए हैं। लालकृष्ण अडवाणी सहित, कई अन्य नेताओं ने भी अपनी जीवनियां और संस्मरण लिखे हैं। कई अन्य राजनेता भी स्थापित लेखक हैं। शशि थरूर कथा और गैर-कथा साहित्य सहित, 20 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। पी. चिदंबरम, अटल बिहारी वाजपेयी, मेनका गांधी, पवन वर्मा सहित, कई अन्य नेताओं ने भी राजनीति, इतिहास और निजी जीवन से जुड़े विषयों पर पुस्तकें लिखी हैं।

पश्चिमी देशों में सत्ता छोड़ने के बाद राजनीतिक संस्मरण लिखने की परंपरा काफी पुरानी है। बराक ओबामा, बिल क्लिंटन, हिलेरी क्लिंटन, मार्गरेट थैचर, टोनी ब्लेयर और गॉर्डन ब्राउन जैसे नेताओं ने अपने कार्यकाल के अनुभवों पर पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इस परंपरा को अपनी राजनीतिक विरासत को आकार देने, फैसलों की वजह बताने और ऐतिहासिक रिकॉर्ड में योगदान देने के एक स्वीकृत तरीके के रूप में देखा जाता है।

ज़ैलेंस्की मॉस्को आएं तो पुतिन से मुलाकात संभव

अटलांटा, 31 अक्टूबर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से आमने-सामने बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें मॉस्को आना होगा। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने जेलेंस्की की संभावित यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा की पूरी गारंटी देने का भी दावा किया।

जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर पत्रकारों से बातचीत में लावरोव ने कहा कि पुतिन ने स्पष्ट किया है कि यदि जेलेंस्की उनसे मिलना चाहते हैं तो उन्हें मॉस्को आना चाहिए। रूस उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

राष्ट्रपति ने नासिक कुंभ का शुभारंभ किया

मुंबई, 31 अक्टूबर। महाराष्ट्र के नासिक के रामतीर्थ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को पवित्र गोदावरी नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और साधु-संतों की उपस्थिति के बीच सिंहस्थ धर्मध्वज फहरा कर नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ पर्व का शुभारंभ किया।

- साधु संतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राष्ट्रपति ने धर्म ध्वज फहराया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस समारोह की शुरुआत पारंपरिक वैदिक अनुष्ठानों, यज्ञ-हवन और मंत्रोच्चार से हुई। राष्ट्रपति मुर्मू ने विधिवत गोदावरी पूजन और धर्मध्वज पूजन किया। इसके बाद पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच, उन्होंने धर्मध्वज फहराया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा ताई अजीत पवार, केन्द्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव आदि मंत्री व नेता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न अखाड़ों के महंतों, धर्माचार्यों और साधु-संतों की उपस्थिति ने समारोह की आध्यात्मिक गरिमा बढ़ ाई।

इंडिया गठबंधन ने ज्ञानेश कुमार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जा रहे हैं। जब भी इस बारे में सवाल उठाए जाते हैं, तो जवाबों में कोई पारदर्शिता नहीं होती। इसीलिए ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने के लिए यह ''महाभियोग प्रस्ताव'' लाया गया है।''

उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने आगे कहा, ''एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देश भारत की ओर देखते हैं और हमारे लोकतंत्र के मॉडल का अनुसरण करते हैं।''

उन्होंने कार्यवाही के बारे में बताते हुए कहा, ''जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, उन्हे आज अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। इंडिया गठबंधन के सदस्य, राज्यसभा और लोकसभा के सांसद, सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि और वे नागरिक, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, अपने विचार रखेंगे।''

इसके बाद खड़गे खड़े हुए और उन्होंने प्रतीकात्मक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, ''लोकतंत्र में वोट देने का अधिकार सबसे बुनियादी अधिकार है और आज यह जबरदस्त खतरे में है। यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। मुख्य चुनाव आयुक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के सीधे निर्देशों पर काम कर रहे हैं।''

उन्होंने आगे आरोप लगाया, ''सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सत्ताधारी पक्ष ने हर तरह की साजिश का सहारा लिया है। सांसदों की खरीद-फरोख्त, राजनीतिक दलों को तोड़ना, सरकारों को गिराना और उन पर कब्जा करना, चुनावी बॉन्ड योजना तथा एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ईडी) और केन्द्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करना, ये सब उसी का हिस्सा हैं और अब वोटों की चोरी की जा रही है।''

इससे पहले, शुक्रवार को सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव को चुनौती दी थी। लोकसभा में कांग्रेस के बाद समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विपक्षी दल है। शाह ने उन्हें संसद के एक विशेष सत्र में मतदाता सूची के मुद्दे पर बहस करने की चुनौती दी।

लखनऊ में उत्तर प्रदेश भाजपा की बैठक में अमित शाह ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी संसद में इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमें कुछ भी छिपाना नहीं है। आइए, संसद का विशेष सत्र बुलाते हैं।'' उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आगे कहा, ''लेकिन उनका संसद में इस मुद्दे पर बोलने का कोई इरादा नहीं है। वे संसद को चलने नहीं देते, बल्कि वे केवल हंगामा करते हैं।''

कांग्रेस ने पहले एक ''मॉक पार्लियामैंट (नकली संसद) आयोजित करने की योजना बनाई थी, जिसे बाद में उन्होंने ''जनता द्वारा महाभियोग'' नाम दिया। असल में महाभियोग चलाने के लिए कांग्रेस ने नोटिस दिए थे, जिन्हें खारिज कर दिया गया। वैसे भी, उसके पास महाभियोग के लिए जरूरी संख्या बल नहीं है। जहाँ तक ''मॉक पार्लियामैंट'' का सवाल है, तो दिल्ली में बारिश के कारण पार्टी ने शुक्रवार को होने वाले इस कार्यक्रम को टाल दिया था।

इस बीच, अमित शाह ने कहा, ''राहुल गांधी संसद में इस मुद्दे पर कभी चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि सड़कों पर हंगामा खड़ा करेंगे।''

'रोड व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नियमित हुए फ्लैट्स व मकान खरीदे थे। लेकिन दो दशक बाद भी यहां स्थानीय निवासियों को रोड लाइट, सीवरेज व रोड इत्यादि मुहैया नहीं कराई गई है। बारिश के दौरान यहां सीवरेज व नाली की व्यवस्था नहीं होने के चलते पानी मेन रोड से घरों तक पहुंच जाता है और उनका आवाजाही का रास्ता ही बंद हो जाता है। इसके साथ ही सीवरेज टैंक भी भर जाता है।

पूर्व में अदालत ने स्वायत्त शासन विभाग, जेडीए नगर निगम आयुक्त सहित, अन्य संबंधित अफसरों से भी जवाब मांगा था। जेडीए ने जवाब में कहा कि इस इलाके में सीवरेज व रोड के लिए गत 18 अगस्त को टेंडर जारी किए हैं। जब अदालत ने पूछा कि कितने दिनों में कार्य पूरा हो जाएगा तो इसकी समय सीमा नहीं बताई गई। दूसरी ओर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि टेंडर को तीन दिन बाद 21 अगस्त को ही निरस्त कर दिया गया है। इस पर अदालत ने जेडीए सचिव से शपथ पत्र पेश कर जानकारी मांगी है।

दिल्ली की जूता फैक्ट्री में आग से चार मजदूरों की मौत

बेसमैंट में लगी आग से पूरी इमारत में धुंआ फैल गया व कई मजदूर बेहोश हो गए

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली के मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार रात एक जूता निर्माण फैक्ट्री में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक घटना में चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बेसमेंट में लगी आग के बाद पूरी इमारत में धुआं फैल गया, जिसकी चपेट में आने से कई मजदूर बेहोश हो गए।

- दमकलकर्मियों ने फैक्ट्री के अंदर से 6 मजदूरों को बेहोशी की हालत में निकालकर और संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुँचाया। डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित किया, बाकियों का इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित जूता फैक्ट्री में शुक्रवार रात करीब 9 बजकर 32 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दमकल की करीब 20 गाड़ियां तैनात की गईं।

दमकल अधिकारियों के अनुसार, आग सबसे पहले फैक्ट्री के बेसमेंट में लगी थी। इसके बाद भारी मात्रा में धुआं ऊपर की मंजिलों तक फैल गया। धुएं के कारण फैक्ट्री के अंदर मौजूद मजदूरों को बाहर निकलने में भारी परेशानी हुई। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान दमकलकर्मियों ने फैक्ट्री के अंदर से छह लोगों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। सभी को तत्काल संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य घायलों का उपचार जारी है।

हाई कोर्ट के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के अंतर को वर्तनी और स्पेस की त्रुटि मानकर अंक काट दिए गए। इस वजह से याचिकाकर्ता मात्र 0.476 अंकों से निर्धारित कट-ऑफ से पीछे रह गया। जबकि पूर्व में आयोजित एक अन्य भर्ती परीक्षा के दौरान इन शब्दों को सही माना गया था। ऐसे में वर्तमान परीक्षा में प्रचलित रूपों को त्रुटि मानकर अंक काटना मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध है। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने नियुक्ति को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है।

जेल से रिहा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खान की रिहाई से कुछ मिनट पहले फोर्स के साथ ईडी की टीम रामपुर जेल पहुंच गई थी। जेल से रिहा होने के बाद ईडी ने उन्हें अपने साथ चलने को कहा। इस दौरान आजम खान और अधिकारियों के बीच काफी देर तक वार्तालाप भी हुआ। गहमागहमी के बीच ईडी की टीम आजम खान को हिरासत में लेकर अपने साथ लेकर चली गई। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जम कर नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

पटेल की जयंती पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

टोंक। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके कार्यकाल में भारतीय सेना ने ऐतिहासिक विजय हासिल कर विश्व का भूगोल बदल दिया। हरित क्रांति एवं बैंकों के राष्ट्रीयकरण जैसे ऐतिहासिक फैसलों के माध्यम से उन्होंने देश की आर्थिक एवं सामाजिक दिशा को नई मजबूती प्रदान की। इंदिरा गांधी जी का साहस, कुशल नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

कांग्रेस कुर्सी की लड़ाई लड़ रही है, भाजपा लोकतंत्र व देशहित की : ज्योतिरादित्य सिंधिया

अलवर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पद मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पद मार्च की शुरुआत रिवाज रिसोर्ट से हुई। यहां से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर शहीद स्मारक तक पैदल मार्च किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। मार्च के शहीद स्मारक पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य अतिथियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित सभा में नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



अलवर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पद मार्च का आयोजन किया।

- रिवाज रिसोर्ट से शहीद स्मारक तक निकला मार्च, शहीदों को श्रद्धांजलि दी
- कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष रूप से शामिल हुए

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुर्सी की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र और देशहित की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस का उद्देश्य सत्ता हासिल करना है, वहीं भाजपा देश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देशहित और राष्ट्र की एकता भाजपा की राजनीति का प्रमुख आधार है।

सिंधिया ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे पार्टी की विचारधारा और केंद्र सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर लोकतंत्र, राष्ट्रहित और संगठन के मुद्दों पर संवाद स्थापित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में भाजपा के विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, महापौर, उपमहापौर, पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्टी के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

सांभर में सड़क से ऊंची पाइपलाइन, लोगों ने रोष जताया

सांभरझील। कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए सैकड़ो लोगों को परेशानी में डालने का काम यहां के जलदाय विभाग ने करके खुद के लिए ही नहीं बल्कि लोगों के लिए भी आफत खड़ी कर दी है। ज्ञातव्य रहे कि करीब 6 माह पहले खातीवाड़ा से होकर जाल की गली तक नई पेयजल लाइन बिछाने का काम विभाग ने करके वहां के लोगों को सुकून तो दे दिया लेकिन बाकी काम करने वाले तकनीकी कर्मचारियों ने पूर्वा टेलर की दुकान के पास सड़क के बीचो-बीच सड़क लेवल से ऊंचे लगाए गए पानी सप्लाई खोलने के दो वाल्व को वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त और आने जाने वाले लोगों को ठोकरे खाने के लिए छोड़ दिया।

यह भी बता दे की जिस जगह वाल्व लगे हैं उसके पास से होकर जाने वाला रास्ता साईं झूलेलाल मंदिर की तरफ से होता हुआ तेली दरवाजा रोड मुख्य मार्ग तक पहुंचता है। यानी एक सीधा रास्ता काल मार्ग से होता हुआ गोला बाजार भी जाता है। इन दोनों रास्तों से मंदिर और बाजार जाने वालों का सिलसिला बना रहता है। इतना ही नहीं इन दोनों वाल्व से पानी भी इतना बहता है कि जिन लोगों को पानी की जरूरत है वह इसको देखकर दुखी होते हैं कि काश यह ठीक हो जाए तो हमारे घरों तक पानी आसानी से पहुंच जाए। वार्ड 13 के पार्षद प्रकाश सोनी भी उस वक्त हैरानी में पड़ गए जब देखा कि तेज गति से पानी बह रहा है।

पार्षद सोनी के मौके पर पहुंचने पर आसपास के लोगों ने भी जलदाय विभाग के खिलाफ अपना रोष जताया पार्षद प्रकाश सोनी का कहना है कि यह तकनीकी समस्या जलदाय विभाग की लापरवाही को उजागर करती है। मैं खुद चेयरमैन साहब से बात करके जलदाय विभाग से समस्या के समाधान के लिए मिलूंगा। जल्दी ही लोगों को राहत दिलवाई जाएगी।

रत्ना कुमारी ने बस्सी के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी मंथन किया

शाहपुरा। आगामी पंचायत समिति चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में पंचायत समिति बस्सी की भाजपा प्रभारी रत्ना कुमारी ने अपने निज निवास पर बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के दौरान रत्ना कुमारी ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी चुनाव में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता के साथ निरंतर संपर्क ही सफलता का आधार होता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय, समर्पण एवं एकजुटता के साथ चुनावी तैयारियों में जुटना होगा। रत्ना कुमारी ने कहा कि आगामी पंचायत समिति चुनावों को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक जनसंपर्क को मजबूत बनाना, आमजन की समस्याओं को सुनना तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनता के विश्वास और संगठन की सामूहिक शक्ति के बल पर बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र में पार्टी को मजबूत स्थिति में पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना है। चुनावी तैयारियों में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी के सामूहिक प्रयासों से ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यकर्ताओं ने भी आगामी पंचायत समिति चुनावों में पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ जुटने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।



भाजपा प्रभारी रत्ना कुमारी ने बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

- बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र चुनाव प्रभारी , संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर दिया जोर

अलवर में पटेल की जयंती पर "रन फॉर यूनिटी" निकली

अलवर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से अलवर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू उद्यान से हुई। यहां से दौड़ में शामिल प्रतिभागी जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम तक पहुंचे। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अंबालाल मीणा, नगर निगम महापौर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। दौड़ में एनसीसी, माय भारत, भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों, कैडेट्स, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- नेहरू उद्यान से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक दौड़े प्रतिभागी
- एडीएम सिटी अंबालाल मीणा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया



कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एडीएम सिटी अंबालाल मीणा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित यह दौड़ युवाओं को एकजुटता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

खेल प्रशिक्षण केंद्र से पंकज यादव ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में युवाओं और खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष तारा अग्रवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने अमरसर पंचायत समिति स्थित नर्सिंग जिला प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित विद्यार्थियों को नालसा योजनाओं के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, महिला लैंगिक यौन उत्पीडन, एवं पॉक्सो एक्ट 2012 की नर्सिंग विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता जानकारी पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता जुनियर लीगल लिटरेसी क्लब की अध्यक्ष सुनीता बाई यादव द्वारा की गई। इस अवसर पर चाइल्ड हैप्पी कोर्डिनेटर सोनल भी उपस्थित रही।अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने महिला सशक्तिकरण, एवं सुरक्षा के लिए 112 इण्डिया एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। इस एप में पुलिस द्वारा तत्वरित सुरक्षा, मेडिकल, फायर सुरक्षा, डिजास्टर सुरक्षा, महिला उत्पीड़न सुरक्षा, चाइल्ड सुरक्षा, वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा एवं रेलवे सहायता के सभी तरह की सुरक्षा एक ही नम्बर 112 इण्डिया एप में दी गई है। बच्चों को सम्मान, सुरक्षा, यौन उत्पीड़न एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह पॉक्सो एक्ट बनाया गया है।

भरतपुर में निर्माण कार्यों में देरी पर कलैक्टर ने नाराजगी व्यक्त की

भरतपुर। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने शनिवार को आरबीएम चिकित्सालय परिसर में पहुंचकर आरएसआरडीसी की ओर से करवाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- संसाधन एवं श्रमबल बढ़ाकर कार्य में तेजी लायें, मार्च 2027 तक सभी कार्य करें पूरे - जिला कलक्टर

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन जेआरएसआर क्वार्टर, नर्सिंग हॉस्टल एवं क्रिटिकल केयर ब्लॉक सहित अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कार्य की वर्तमान प्रगति, निर्माण गुणवत्ता एवं पूर्ण होने की संभावित समय-सीमा के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से जुड़े इन महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी के अभियंताओं को नियमित रूप से निर्माण कार्यों की निगरानी करने तथा गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदक को आवश्यक संसाधन एवं श्रमबल बढ़ाकर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर करवाने के लिए पाबंद किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक की जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य समय पर पूरे नहीं होने से परियोजना की लागत बढ़ती है तथा सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इसलिए सभी कार्यों को मार्च 2027 की निर्धारित अंतिम समय-सीमा तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को भी सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करवाकर भवनों का विधिवत हस्तांतरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एडमिन ब्लॉक के निर्माण कार्य को दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा करने की हिदायत दी।

सार-समाचार

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन किया



सवाई माधोपुर। शहर के पुराना शहर स्थित छोटा राजबाग में आगामी 3 नवंबर 2026, मंगलवार को एक शाम खाटूवाले के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। श्री खाटू श्याम जी की असीम अनुकंपा से आयोजित होने वाले इस भव्य उत्सव के आमंत्रण पोस्टर का विमोचन वरिष्ठ भाजपा नेता सवाई माधोपुर विधायक एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा द्वारा किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान श्याम प्रेमियों में भारी उत्साह देखा गया। आयोजक समस्त श्याम प्रेमी परिवार, सवाई माधोपुर श्याम सुंदर "बैधजी" जगमोहन गोयल एवं अक्षय सिंघल ने बताया कि इस भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

निवाई में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता की दौड़ लगाई

निवाई। नगर पालिका के तत्वावधान में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी गंभीर सिंह व अधिशाषी अधिकारी नवरत्न शर्मा के सानिध्य में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आमजन एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। एकता दौड़ को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी मन्जू मीणा व प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर यूनिटी में शामिल अधिकारी व छात्र-छात्राएं पीएम श्री विद्यालय से दौड़ लगाते हुए अहिंसा संर्किल होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचे। जहां रन फॉर यूनिटी का समापन किया गया। इस अवसर पर पालिका के सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश चौधरी, सहायक अभियंता पप्पूलाल मीणा, कनिष्ट अभियंता नरेगा निशांक जैन, एलडीसी पवनकुमार वर्मा व इन्जिनियर राहुल सैन सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

कम्युनिटी कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित

निवाई। पीएम श्री बाल वाटिका में समुदाय के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर की अध्यक्षता में कम्युनिटी कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला, कुर्सी दौड़, पैटर्न बनाओ सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों व अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल वाटिका प्रभारी सुमन विजय ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों एवं शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों के मानसिक व सामाजिक विकास के लिए आयोजित इस प्रकार के आयोजनों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों व अभिभावकों को पुरस्कार वितरण करके सम्मानित किया गया।

एसपी रोशन मीणा को राष्ट्रीय सम्मान

टोंक। अक्टूबर अपराध अनुसंधान में उत्कृष्टता, पेशेवर दक्षता और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस सेवा के लिए जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से प्रतिष्ठित मेडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टिगेशन (गृह मंत्री उत्कृष्ट अनुसंधान पदक) प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि से राजस्थान पुलिस के साथ टोंक जिले का गौरव भी बढ़ा है। रोशन मीणा को मिला यह सम्मान अपराधों की जांच में उनकी अनुसंधान क्षमता, कार्यकुशलता और पुलिस सेवा के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है। राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से जिले की पुलिस महकमे में खुशी की लहर है। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिले के वरिष्ठजनो ने एसपी रोशन मीणा को बधाई देते हुए इसे पूरे पुलिस परिवार के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

कक्षा 10वीं से पर्यावरण का पाठ हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : राजेंद्र सिंह

अलवर। जलपुरुष एवं रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरणविद् राजेंद्र सिंह ने सीबीएसई के कक्षा 10वीं के पाठ्यक्रम से पर्यावरण शिक्षा हटाने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पर्यावरण शिक्षा से दूर करने के दूरगामी परिणाम होंगे। ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के संकट से जूझ रही है, तब पर्यावरण शिक्षा को पाठ्यक्रम से हटाने के बजाय और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में पर्यावरण शिक्षा की शुरुआत 1980 के दशक में हुई थी। धीरे-धीरे इसे पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया, लेकिन अब इसे हटाने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। शिक्षा का उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ और कौशल विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए। भारतीय परंपरा में लाभ से अधिक शुभ को महत्व दिया गया है। लक्ष्मी लाभ का प्रतीक हैं तो सरस्वती विद्या और ज्ञान की। शिक्षा में प्रकृति और संस्कृति का समावेश आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की चिंता समूचे समाज के कल्याण से जुड़ी है, जबकि केवल आर्थिक लाभ पर केंद्रित शिक्षा विकास का संतुलन बिगाड़ सकती है। प्रकृति और संस्कृति के समन्वय से ही वास्तविक कौशल विकास संभव है। इसके बिना विकास प्रदूषण, विस्थापन और विनाश का कारण बन सकता है।

पावटा की 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच चुनाव संपन्न

पावटा। पंचायत आम चुनाव-2026 के तहत पंचायत समिति पावटा क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के चुनाव संपन्न हो गए। मतदान और मतगणना के बाद गांवों की नई ग्रामीण सरकार की तस्वीर साफ हो गई। इस बार सरपंच पद के चुनाव में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। कहीं प्रत्याशियों के बीच एक-एक वोट के लिए कड़ा मुकाबला रहा, तो कहीं विजयी प्रत्याशियों ने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की। परिणामों में सबसे अधिक 1443 मतों के अंतर से जीत दर्ज करने का आंकड़ा सामने आया, जबकि कई ग्राम पंचायतों में मुकाबला बेहद नजदीकी रहा।


चुनाव के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगी रहीं। महिला, पुरुष और युवा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर गांव की सरकार चुनने में भागीदारी निभाई। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें परिणामों पर टिकी रहीं। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुरा से महावीर हरिजन ने 1103 मत प्राप्त किए तो वही प्रतिद्वंदी सुरेश कुमार ने 303 मत प्राप्त किए। महावीर हरिजन ने 800 मतों से जीत प्राप्त की। ग्राम पंचायत बेरी बांध से रामशरण ने 605 मत प्राप्त किए तो वही प्रतिद्वंदी धर्मपाल गुर्जर ने 575 मत प्राप्त किए। रामशरण ने 30 मतों से जीत प्राप्त की। ग्राम पंचायत सुदरपुरा ढाढा से नीरू कंवर ने 1101 मत प्राप्त किए। वही प्रतिद्वंदी सुमित देवी ने 1011 मत प्राप्त किए। नीरू कंवर ने 90 मतों से जीत प्राप्त की। ग्राम पंचायत दांतिल में श्री राम ने 632 मत प्राप्त किए। वही प्रतिद्वंदी दीपक कुमार वर्मा ने 576 मत प्राप्त किए। श्री राम ने 56 मतों से जीत प्राप्त की। ग्राम पंचायत तालवा से मनीषा कुमारी ने 662 मत प्राप्त किए। वही प्रतिद्वंदी अनारी देवी ने 506 मत प्राप्त किए।

- कहीं एक वोट तो कहीं 1443 मतों से जीत

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

सवाई माधोपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के मतदान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम तथा पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने शनिवार को बौंली पंचायत समिति क्षेत्र के जस्टाना, उदगांव, मित्रपुरा एवं मोरण सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जनरेटर से पावर बैकअप, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग संबंधी प्रतिबंध की पालना कराने के निर्देश दिए।



सवाई माधोपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया ।

उन्होंने कहा कि बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के सुगम आवागमन सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसी भी मतदाता को मतदान में परेशानी नहीं हो। मतदान दलों के लिए ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा:- निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने तथा निर्वाचन सामग्री एवं ईवीएम की सुरक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान एवं मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं में सतर्कता बरतने तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने पर जोर दिया।

- बुजुर्गों एवं दिव्यांगों की सुविधा पर दिया जोर
- उन्होंने मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जनरेटर से पावर बैकअप, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बौंली, तहसीलदार, विकास अधिकारी, वृत्ताधिकारी बौंली, थानाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों के लिए शिविर लगाना मानवता की सेवा है : रामहेत

किशनगढ़ बास। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है, इस कहावत को चरितार्थ किया है किशनगढ़ बास में पूज्य सिंधी पंचायत ने अमर शहीद संत कंवर राम के जन्मदिवस के पावन अवसर पर 331 वा विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर मिश्री देवी आई हॉस्पिटल खैरथल, बलबीर सिंह तोमर मेडिकल हॉस्पिटल बहरोड़ तथा जीव कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संत कंवर राम हरि मंदिर में लगाया गया। शिविर में कुल 541 जरूरतमंद मरीजों की नि:शुल्क जांच कर मुफ्त दवा, चश्मे और ऑपरेशन की सुविधा दी गई।

शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक रामहेत यादव और नगर पालिका अध्यक्ष विश्वास यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने अपने संबोधन में कहा कि संत कंवर राम ने अपना पूरा जीवन सत्य, प्रेम और मानवता के लिए समर्पित कर दिया था। उनके जन्मदिवस पर इस प्रकार का चिकित्सा शिविर लगाकर सिंधी समाज ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब इलाज इतना महंगा हो गया है, गरीब आदमी इलाज के लिए डॉक्टर के पास जाने से डरता है, ऐसे में समाज द्वारा इस तरह के निशुल्क शिविर लगाना एक बहुत बड़ा परोपकार का कार्य है। यह केवल इलाज नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है।

नगर पालिका अध्यक्ष विश्वास यादव ने भी समाज के इस कदम की हृदय से सराहना की। उन्होंने कहा कि पूज्य सिंधी पंचायत हमेशा से ही धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है। इस शिविर से सैकड़ों लोगों को लाभ मिला है, यह शहर के लिए गर्व की बात है।

- अमर शहीद संत कंवर राम के जन्मोत्सव पर सिंधी पंचायत ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर, 541 मरीजों को मिला मुफ्त इलाज और दवा

Hero



हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...

Herotsav
1 से 4 नवम्बर 2026

हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर
जीतने का मौका पाएं.









Splendor+ XTEC

Destini

कैश डिस्काउंट ₹3 000~ तक | फाइनेंस 100%^ तक | एक्सचेंज बोनस ₹5 000^ तक | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs | कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | Hero GoodLife | Also Available on: Flipkart amazon.in | Finance Powered by: Hero FINCORP SHRIRAM Finance

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts.Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together. ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. $Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, मानपुर: सुखराम हीरो, 9783877225, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेड़: किरण मोटर्स, 9314039090, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: मुहाना मोटर्स, 9351591591, रायसर: श्री बालाजी मोटर्स, 9414493720 , झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, एम आर मोटर्स, 0141-2348111, बेनर रोड: पूनिया मोटर्स, 9928868990, पालड़ी मीणा: बॉर्डर मोटर्स, 9376000602, बोराज: ओम मोटर्स, 9351825554.